# वाह री टाटा स्टील यूआइएसएल : कंपनी दुर्गंधयुक्त पानी बेच कर बस्ती वालों से सर्किट हाउस एरिया के बराबर वसूल रही है चार्ज

- मोहरदा जलापूर्ति योजना की पानी की खराब गुणवत्ता
- अनियमित आपूर्ति को लेकर कांग्रेसियों का हल्ला बोल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चुनाव नजदीक आते ही जनहित मुद्दों को लेकर राजनीतिक दलों के ज्ञान चक्षु खुलने लगे हैं। बदबुदार और खराब पानी की गुणवत्ता की बात हो अथवा अनियमित आपूर्ति का मामला हो अथवा मनमाने तरीके से पेयजल शुल्क बढ़ाने की बात हो, पूर्वी सिंहभूम के वर्तमान विधायक सरयू राय और उनकी पार्टी भाजपा भले ही टाटा स्टील यूआइएसएल द्वारा संचालित मोहरदा जलापूर्ति योजना पर सवाल उठाने में कंजूसी बरतते रहे हैं जबकि भाजपाई विगत साढ़े चार साल बाद भी सत्ताभोगी मोड में ही है। ऐसे में देर से ही सही कांग्रेसियों का ज्ञान चक्षु खुला है और जलापूर्ति योजना से पीड़ित हजारों परिवारों की मांग को लेकर आज जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में टाटा स्टील यूआइएसएल गेट का घेराव किया गया। मुद्दा था सही दाम पर सही गुणवत्ता का पर्याप्त पेयजल आपूर्ति करो। साथ ही बस्ती क्षेत्र में भी टाटा की बिजली आपूर्ति हो। कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन शुरू होने के 15 मिनट के अंदर हीं जुस्को के पदाधिकारीगण


टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम आरके सिंह को मांग पत्र सौंपते कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे।

श्री दुबे को वार्ता हेतु महाप्रबंधक कार्यालय में आमंत्रित करते हुए एक प्रतिनिधिमंडल को चलने का आग्रह किया परंतु जिलाध्यक्ष ने उन्हें प्रदर्शन स्थल पर हीं बुलाने एवं सार्वजनिक वार्ता करने को कहा तकरीबन आधे घंटे बाद कम्पनी के महाप्रबंधक श्री आर के सिंह अपने सहयोगी पदाधिकारियों संग मुख्य द्वार पर प्रदर्शनकारियों से वार्ता करने पहुंचे जिलाध्यक्ष ने उनसे कहा कि जुस्को के द्वारा पिछले 7 वर्षों से मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन किया जाता है। आजतक पानी के गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो पाया है। लोगों को गंदा एवं बदबूदार पानी का सप्लाई हो रहा है पानी पिने योग्य नहीं है जिसके चलते लोग आज भी पीने का पानी दुर चापाकल या कम्पनी क्षेत्र से ढोने को बाध्य हैं।

इस परिपेक्ष में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सीधे तौर पर इंगित करते हुए कहा कि जुस्को के द्वारा आम जनता से पानी का कनेक्शन चार्ज लिया जा रहा है लोगों से मीटर के हिसाब से पानी का बिल लिया जा रहा है, जो सर्किट हाउस के बराबर पानी का बिल वसूला जा रहा है और सप्लाई पानी पीने योग्य नहीं है, आम जनता तो क्या यह पानी तो मवेशी तक को पीने में योग्य नहीं है। इस पर अविलम्ब गुणवत्ता की सुधार जुस्को के द्वारा की जाए अन्यथा कांग्रेस आमजनों के संग मिलकर जनांदोलन को बाध्य होंगे। दुबे ने इसके साथ ही बिरसानगर बारीडीह बस्ती, बागुनगर, बागुनहातु सहित उन सभी बस्तियों जहां जुस्को का बिजली सप्लाई नहीं है वहां बिजली की व्यवस्था मुहैय्या कराने की मांग रखी।

## स्पीड न्यूज़

### रोहिंग्या से बिहारियों की तुलना बर्दाश्त नहीं

**गम्हरिया।** विगत दिनों झारखंड विधानसभा एवं सदन से बाहर कतिपय राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा बिहारियों की तुलना बंग्लादेशी रोहिंग्या मुसलमान से करते हुए उन्हें भी झारखंड से बाहर निकालने की बात किए जाने की नागरिक समन्वय समिति ने निंदा की है। इस बाबत समिति के अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह, महासचिव इंजीओअजीत कुमार, वरीय उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह एवं सचिव रमण चौधरी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि सम्भवत: उन नेताओं को यह जानकारी नहीं है कि झारखंड राज्य को संवारने में बिहारियों की भूमिका तथाकथित अल्पज्ञानी नेताओं से कम नहीं है।

### करणडीह में एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा वार्षिक खेल कार्यक्रम खेलो झारखंड 2024 25 के आयोजन के तहत आज दिनांक 1 अगस्त 2024 को पूर्वाह्न 7:30 बजे से पूर्वी सिंहभूम जिला के करनडीह संकुल में स्थित राज्य संपोषित उच्च विद्यालय करनडीह के परिसर में सफलतापूर्वक एक दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद का आयोजन हुआ। जिसमें 19 खेल शामिल हैं।

### सुल्तानगंज से गंगा जल लाने ट्रैक्टर रवाना

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष श्रावण माह के तृतीय सोमवारी को आयोजित होने वाले भव्य जलाभिषेक यात्रा में इस बार पवित्र गंगाजल से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। बुधवार को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर से टैंकर को विधिवत पूजन के पश्चात सुल्तानगंज के लिए रवाना किया गया। यह टैंकर सुल्तानगंज के नमामि गंगे घाट से शिवभक्तों के लिए गंगाजल लेकर 4 अगस्त को जमशेदपुर पहुंचेगा। वहीं, 5 अगस्त को तृतीय सोमवारी पर बारीडीह हरि मंदिर मैदान से इसी गंगाजल को लेकर हजारों शिवभक्त सूर्यधाम के शिवालय में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

### आज जमशेदपुर आयेंगे असम के सीएम हिमंता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर में भाजपा की चुनावी तैयारी को धार देने एवं चुनावी रणनीति तय करने के उद्देश्य से भाजपा के फायरब्रांड नेता, असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा शुक्रवार को लौहनगरी जमशेदपुर आयेंगे। जहां वे भाजपा जमशेदपुर महानगर की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत श्री सरमा जमशेदपुर महानगर के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं से भी संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा सुबह 11 बजे सड़क मार्ग से जमशेदपुर आयेंगे।

### कस्तूरबा की व्यवस्था सुदृढ़ करे विभाग : सबिता

**चांडिल।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के शून्य काल में विधायक सविता महतो ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय ईचागढ़ में नए भवन, छात्रावास एवं पठन पाठन की संपूर्ण व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की। इस दौरान विधायक ने सदन में ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी विद्यालय में प्रति वर्ष 6 से 12 वीं कक्षा एवं छात्रावास में क्रमवार 75 बच्चों का दाखिल होना पूर्व निर्धारित है, परंतु भवन के अभाव में तत्काल प्रतिवर्ष 50 बच्चों का ही नामांकन तथा छात्रावास उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से छात्रहित में कस्तूरबा गांधी विद्यालय ईचागढ़ के नए स्कूल भवन, नया छात्रावास भवन एवं पठन पाठन की संपूर्ण व्यवस्था मुहैया करने का मांग की है।

# बधाई... टीएसपीडीएल को मिला प्रतिष्ठित जेआरडी क्यूवी अवार्ड

## बड़ी उपलब्धि : जेआरडी क्यूवी और इंडस्ट्री लीडर अवॉर्ड पाकर गौरवान्वित हुई कंपनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जे आर डी टाटा के 120वीं जन्म जयंती के अवसर पर मुंबई में एक समारोह में टीएसडीपीएल को जेआरडी क्यूवी और इंडस्ट्री लीडर अवार्ड मिला। यह अवार्ड रतन टाटा जी की उपस्थिति में वर्तमान चेयरपर्सन नटराजन चंद्रशेखरन के हाथों टाटा स्टील डाउन स्ट्रीम प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी के एम डी संदीप कुमार, वाइस प्रेसिडेंट अविनाश मेहता, भरत भूषण, सभी जोन जीएम वेंकट पंपतवार, अश्वनी कुमार, सुनील वॉट्स, संजय दास, सुब्रत राय, सीएचआरओ करण लखानी, अशोक कुमार, मोनिका



टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से अवार्ड ग्रहण करते टीएसपीडीएल प्रबंधन के पदाधिकारीगण।

अग्रवाल ने लिया। टाटा ग्रुप के सबसे प्रेस्टीजियस अवॉर्ड जेआरडी क्यूवी और इंडस्ट्री लीडरअवॉर्ड पा कर कंपनी के सभी कर्मचारी गौरांवित महसूस कर रहे है, यह सम्मान पूर्व में 2014 में भी कंपनी को प्राप्त है लेकिन उस समय 600 से अधिक अंक प्राप्त करने पर यह पुरस्कार प्राप्त होता था और अब 650 से अधिक अंक प्राप्त होने पर यह पुरस्कार दिए जाते है।

पुरस्कार प्राप्त होने के पश्चात आज एम डी संदीप कुमार ने यूनियन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि यह अवार्ड सभी कर्मचारियों को समर्पित है सभी के लगन मेहनत और परिश्रम का प्रतिफल है कि टाटा ग्रुप की सबसे सम्मान वाली अवार्ड हमारी कंपनी को प्राप्त हुई है आने वाले समय में बहुत सारी चुनौतियां है हम सभी को जूझना है और कंपनी के बेहतर परफॉर्मेंस को बनाए रखना है। उन्होंने कहा की कंपनी के ग्रोथ में कर्मचारियों और अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए सभी को यह श्रेय जाता है।

आज यूनियन के ऑनलाइन संबोधन के समय यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने भी एम डी को आश्वस्त किया कि पूर्व की भांति यूनियन और कर्मचारी भी हमेशा कम्पनी के हितों को ध्यान में रखते हुए कंधे से कंधे मिलकर चलेगी और हर संभव सहयोग करते रहेगी। आज के बैठक में प्रबंधन की ओर से एमडी संदीप कुमार के साथ प्रबंधन की लीडरशिप टीम और यूनियन की ओर से महामंत्री अमन, सचिदानंद, एस बी राणा, अनीश झा, आर रवि, रमेश चौधरी, दिनेश कुमार, त्रिदेव सिंह, रंजन मिश्रा, मनोज सिंह, बी डी सिंह, प्रमोद उपाध्याय, हरी शंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विस चुनाव : विस्थापित मुक्ति वाहिनी की बैठक



**चांडिल।** चांडिल डैम आईबी में श्यामल मार्डी की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्थापित मुक्ति वाहिनी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसमें 18 अगस्त को चौका पंचायत भवन में बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गोड्डा के संसद निशिकांत दुबे के बयान का घोर निंदा की गयी। मौके पर नारायण गोप, डोमन बास्के, महावीर हांसदा, अकलू बेसरा, गुणधार मुर्मू, प्रकाश मार्डी, वासुदेव आदित्यदेव, अरविंद अंजुम उपस्थित थे।

### तालसा में रेडक्रॉस ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत तालसा क्लब में स्वास्थ्य सह नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ, जहां डॉ जया मोहन्ता तथा नेत्र चिकित्सक डॉ बीपी सिंह ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार दवा, चश्मा दिया साथ ही मोतियाबिन्द ऑपरेशन योग्य मरीजों का चयन किया, जिनका ऑपरेशन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में किया जायेगा। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने किया। शिविर में यूसील के स्थानीय पदाधिकारी एवं रेड क्रॉस कार्यकताओं विशेषकर राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, हीरालाल ने अपनी सेवा प्रदान की।

### नौकरी छोड़ो, नौकरी पाओ... योजना का लाभ लेने वाले कर्मचारियों को दी गयी विदाई



**जमशेदपुर।** टीएसपीडीएल प्रबंधन द्वारा नौकरी छोड़ो नौकरी पाओ स्कीम जो पूर्व में प्रबंधन ने निकाली थी उसमें सी आर प्लांट के दो कर्मचारी सिद्धेश्वर शुक्ला और संतोष पाण्डेय तथा बारा प्लांट से जोगेश्वर महतो ने आवेदन दिया था और अपने बच्चों को समाहित करने का आग्रह किया था, जिसको प्रबंधन ने स्वीकार किया। आज प्रबंधन और यूनियन से संयुक्त रूप से अपने तीनो कर्मचारियों को बारा सभागार में फूलो की माला, शॉल और गिफ्ट वाउचर दे कर विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन ट्रेनी एच आर इशु श्रेया ने किया। कार्यक्रम में जीएम अश्वनी कुमार ने कहा कि कंपनी हमेशा से युवाओ से भरी पड़ी रही है अब एक ऐसा समय आ गया है जब अपने पुराने साथी अलविदा कर जा रहे है और अपने परिजनों को यहां कार्य करने के अवसर दे रहे है, ऐसे समय में हम सभी अपने साथियों को शुभकामनाएं देते है कि उनका बाकी जीवन सुखमय हो और सामाजिक जीवन, सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाह अच्छे ढंग से करे। यूनियन महासचिव अमन ने भी अपने साथियों को हर संभव आवश्यकता अनुसार सहयोग करने और आगे भी जरूरत पर साथ खड़े रहने की बात कही। स्कीम का लाभ ले रहे तीनो कर्मचारियों ने प्रबंधन और यूनियन का आभार जताया और अपने बच्चो को भी इसी तरह प्यार देने का आग्रह किया आज से ही तीनो कर्मचारियों के सुपुत्र की ज्वाइनिंग प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। आज के कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से अश्वनी कुमार, आनंद विवेक, प्रियंका, सचिन झा यूनियन की ओर से अमन, सचिदानंद, एस बी राणा, दिनेश कुमार, अनीश झा, आर रवि, रमेश चौधरी, राकेश कुमार, रंजन मिश्रा, त्रिदेव सिंह, मनोज सिंह, बी डी सिंह, प्रमोद उपाध्याय, हरी शंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# कांड्रा-नामकुम रेललाइन प्रोजेक्ट जल्द शुरू करे सरकार : बिद्युतबरण महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बिद्युत बरण महतो ने रेल बजट पर हुए चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के विकास के प्रति विपक्षों पर सबसे बड़े नेता परम आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और हमारे यशस्वी रेल मंत्री जी की अपार मेहनत और दृष्टि की सराहना करने का अवसर प्रदान करने के लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं।

सांसद ने कहा कि इस बजट में रेल के लिए कुल 2 लाख 62 हजार रुपये की धनराशि आबंटित की गई है, जिसके लिए यशस्वी प्रधान मंत्री भाई नरेन्द्र मोदी जी का और हमारे रेल मंत्री की कार्य दक्षता को देखते हुए स्पष्ट झलकता है कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत को बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला एक समावेशी बजट है।

इसके साथ-साथ उन्हें इसके लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने दो वन्दे भारत एक्सप्रेस की घोषणा की, जो जमशेदपुर से भुवनेश्वर और जमशेदपुर से पटना के बीच चलेगी। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह बहुत पुरानी मांग है कि जमशेदपुर से बनारस के बीच एक ट्रेन चलायी जाये।

# कोल्हान में 10 नये पेट्रो आउटलेट लगायेगा रिलायंस बीपी मोबिलिटी

- 250 से अधिक लोगों को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार
- डीसी से मिला कंपनी का प्रतिनिधिमंडल, मांगा सहयोग

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आमतौर पर आपने पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और सीएनजी ही बिकते देखा होगा किंतु रिलायंस बीपी मोबिलिटी अपने पेट्रो आउटलेट के जरिए, इसका पूरा स्वरूप बदलने जा रहा है। यानी इस आउटलेट पर आपको उच्च कोटि के पेट्रोल-डीजल के अलावा सीएनजी,एलएनजी, ईवी चार्जिंग प्वाइंट, फूड कोर्ट और ग्रोसरी शॉप


पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के साथ कंपनी के पदाधिकारियों की टीम।

सबकुछ रहेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज देश भर में पेट्रो आउटलेट के नेटवर्क का विस्तार कर रही है। वर्तमान में इसके देशभर में करीब 1500 रिटेल आउटलेट फैले हुए हैं। झारखंड में ही तीन से पांच साल की अवधि में 110 पेट्रो आउटलेट स्थापित करने की योजना है। अब तक 50 आउटलेट जनता के लिए चालू हो गये हैं और बाकी 60 आउटलेट प्रस्तुतिकरण और अनुमोदन के विभिन्न स्तरों पर हैं। पूर्वी सिंहभूम समेत कोल्हान में अभी 10 पेट्रो आउटलेट कंपनी संचालित कर रही है जबकि दो साल के भीतर 10 नये आउटलेट खोलेगी।

# किरीबुरु को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करेगा जिला प्रशासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा/जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के अध्यक्षता तथा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार की उपस्थिति में जिला अंतर्गत किरीबुरु पर्यटन स्थल को इको टूरिज्म के रूप में विकसित करने के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से इको टूरिज्म के तदर्थ डिजाइन कंसलटेंट, नई दिल्ली द्वारा तैयार डीपीआर का समीक्षा


बैठक करते डीसी कुलदीप चौधरी, डीडीसी संदीप मीणा व अन्य पदाधिकारी।

किया गया, ताकि जल्द से जल्द किरीबुरु को इको टूरिज्म पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। उक्त के दौरान उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा डीपीआर में निहित प्रावधानों का बारीकी से अध्ययन के उपरांत संलग्न पदाधिकारी को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# रेलवे के विभिन्न रिक्त पदों पर स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को मिले प्राथमिकता

- सांसद जोबा माझी ने संसद में रेल से जुड़ी समस्याओं को रखा
- लीजधारी दुकानदारों व्यवस्थित ढंग से बसाने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/चक्रधरपुर।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने चालू लोकसभा सत्र के दौरान अपने दूसरे संबोधन में रेल से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को रखते हुए उसके समाधान की मांग की। सांसद ने रेल मंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर एक महत्वपूर्ण मंडल मुख्यालय है। जहां पूर्व में रेलवे भर्ती बोर्ड होने के कारण रेलवे में विभिन्न पदों के लिए रिक्तियों को भरने में चक्रधरपुर मंडल क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों को प्राथमिकता मिलती थी। जिसे हटा दिया गया। पर जनहित में रेलवे भर्ती में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाये।

### हरित क्रांति : गोपाल मैदान के पास 500 पौधे वितरित



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन और गुजराती सनातन सहेली के सदस्यों ने बिस्टुपुर गोपाल मैदान के समीप संयुक्त रूप से राहगीरों के बीच 500 पौधा वितरण किया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने अपने सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। हम सभी को मिलकर इस दिशा में काम करना होगा। पौधा रोपण एक छोटा सा कदम है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा हो सकता है। कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल मित्तल, लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर की अध्यक्ष शशि गाड़िया, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण देबुका, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की महिला प्रदेश अध्यक्ष विनीता शाह, अनिल रिंगसिया, बिकास गुप्ता, सुनीता जैसवाल ने भी संबोधित किया।

# दुनिया का सबसे आम और घातक कैंसर है फेफड़े का कैंसर

**डॉ तमोजीत चौधरी**

**जमशेदपुर।** हर साल 1 अगस्त को दुनिया फेफड़े के कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकजुट होती है, जो दुनिया भर में सबसे आम और सबसे घातक कैंसर है। फेफड़े का कैंसर भारत में भी एक बड़ा खतरा है, जो सभी कैंसरों का 5.9% और कैंसर से होने वाली 8.1% मौतों के लिए जिम्मेदार है। **ग्लोबोकैन 2020 के रिपोर्ट किए गए फेफड़ों के कैंसर के आंकड़े इस प्रकार है:** वैश्विक स्तर पर, यह कैंसर का दूसरा सबसे आम कारण है (दोनों लिंगों सहित), मामले 11.4% है; यह कैंसर से संबंधित मौतों (18%) का सबसे प्रमुख कारण है। भारत में, यह कैंसर का चौथा सबसे आम कारण है (72,510 नए मामले/वर्ष) और कैंसर से संबंधित मौतों का चौथा प्रमुख कारण है (66,280 फेफड़ों के कैंसर से मौतें/वर्ष) जिसमें केस मृत्यु दर >90% है। 2023-24 में, एमटीएमएच में फेफड़ों के कैंसर के 156 नए मामलों का निदान किया गया (91 पुरुष, 65 महिलाएं)।

**फेफड़े के कैंसर के सामान्य लक्षण :** ये सूखी, लगातार

**वर्ल्ड लंग कैंसर दिवस पर विशेष**



होनेवाली खांसी है जो 3 महीने से अधिक समय तक रहती है, हेमोप्टाइसिस (खून के साथ खांसी), आवाज में कर्कशता, सीने में दर्द/ भारीपन, सांस लेने में तकलीफ, पीठ दर्द या अस्पष्ट रूप से वजन घटना।

**जोखिम के कारक हैं तंबाकू का उपयोग :** धूम्रपान, आनुवंशिक प्रवृत्ति, पर्यावरण या व्यावसायिक जोखिम (रेडॉन गैस, विकिरण, वायु प्रदूषण आदि)।

**फेफड़ों के कैंसर के प्रकार :** लगभग 15% फेफड़े के कैंसर छोटे सेल फेफड़ों के कैंसर (एससीएलसी) के होते हैं; गैर-छोटे सेल फेफड़ों के कैंसर (एनएस सीएलसी) करीब 85% हैं।

**फेफड़े के कैंसर की जांच :** अमेरिकी कैंसर सोसायटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 55 से 74 वर्ष की आयु के बीच के सभी ज्यादा धूम्रपान करने वालों (30 वर्ष या उससे अधिक समय तक प्रतिदिन 20 या अधिक सिगरेट पीने वाले) को सालाना कम खुराक वाली सीटी थोरैक्स जांच करानी चाहिए। भारत में फेफड़े के कैंसर के लिए जांच प्रोटोकॉल अच्छी तरह से स्थापित नहीं हैं।

*(नोट : लेखक एमटीएमएच,जमशेदपुर में मेडिकल ऑन्कोलोजी विभाग के प्रमुख और सीनियर कंसल्टेंट हैं।)*

### संगठन कार्य से कोसों दूर हुई भाजपा : सतीश सिंह



**जमशेदपुर।** आज के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में नरेंद्र मोदी यूथ ब्रिगेड के संयोजक सतीश सिंह का कहना है कि, आज की झारखंड भाजपा संगठन से दूर हो गयी है। पहले भाजपा में संगठन की चलती थी। कार्यकर्ताओं की बात सरकार से जुड़े लोग सुनने को बाध्य होते थे। जिस कारण भाजपा कार्यकर्ताओं ने लंबी लड़ाई लड़कर सत्ता हासिल की। किंतु आज भाजपा में नेताओं का चल रहा है। संगठन नेताओं के ईर्द-गिर्द घूम रहा है। नेताओं में भी दूसरे दल से आने वालों को ज्यादा तवज्जो दिया जा रहा है। कार्यकर्ता ठगा महसूस करते हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं की अनदेखी और नेताओं की मनमर्जी देखने लायक थी। कार्यकर्ताओं को कोई पूछ नहीं रहा था और नेता व्यवस्था लूटने को परेशान थे। संगठन दो-तीन नेताओं के ईर्द-गिर्द घूम रहा था। नतीजा सामने है।

## स्पीड न्यूज

### पूर्वडीहा लिधकी मुख्य पथ की स्थिति नारकीय, आवागमन हुआ मुश्किल



**चैनपुर पलामू (प्रेमरंजन तिवारी)।** प्रखंड के पूर्वडीहा लिधकी मुख्य पथ की स्थिति कीचड़ भरने से नारकीय हो चुकी है। ग्रामीणों को इस पथ से आवागमन मुश्किल हो गया है। गांव में ढलाई वाले पीसीसी पथ पर कीचड़ का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीण बताते हैं कि एक तो गांव का मुख्य पथ सिंगल है दूसरे नाली की समस्या।

### कांवरिया जत्था को अंगवस्त्र देकर मुखिया ने देवघर के लिए किया रवाना



**पाटन पलामू।** प्रखंड के शोले मुखिया देवासो देवी ने नवयुवक संघ के लोगों को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना किया। मुखिया ने सभी कांवरिया भक्तों को सम्मानित करते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा सभी पर बनी रहे। यही मेरी शुभकामना है। यात्रा में बिपिन बम, अजीत बम, श्रवण, शशि संपूर्ण, सत्येंद्र, विकास, मुना बम, गरिवा बम, निरपत, दीपक, निर्मल, चुलहन, सुरेश, विनय, झरेला बम, रामलाल बम शामिल थे।

### उंटारी रोड में हुई मासिक गुरु गोष्ठी



**उंटारी रोड पलामू।** बीआरसी के राजकीय मध्य विद्यालय चेचरिया में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन बीपीओ नरेंद्र कुमार सिंह के अध्यक्षता में की गयी। इसमें सभी विद्यालयों के समीक्षा हुई। साथ ही शिक्षक बायोमेट्रिक अटेंडेंस, स्टूडेंट अटेंडेंस, प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत विद्यालयों को आकर्षण, डीबीटी हेतु पोशाक लिस्ट, छात्रवृति, साइकिल वितरण का सूची सहित कई बिंदुओं पर वृहद रूप से चर्चा की गयी। मौके पर सीआरपी अश्विनी सिंह, प्रमोद सिंह, कपीलदेव चौधरी, बीआरपी नीरज चौबे,कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार थे।

### वादा नहीं इरादा लेकर पांकी विस क्षेत्र से जरूर लड़ूंगा चुनाव : वरूण तिवारी



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। जिसे लेकर पांकी विस क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी वरुण तिवारी चुनाव तैयारी में जुट गये हैं। सामाजिक कार्यकर्ता होने के साथ–साथ 20 वर्षों के अंदर भाजपा के जिला से लेकर प्रदेश तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया है। उनका लगाव समाज के लोगों को मदद करना तथा सभी के सुख–दुख दर्द में शामिल होना और सबको साथ लेकर चलने का रहा है। उन्होंने बताया कि वे भाजपा कार्यकर्ता हैं। पार्टी के सभी कार्यकर्ता को अधिकार है कि वह कहीं से अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। इच्छा है कि यदि पार्टी हमें मौका देती है तो पांकी विस को अपना प्रतिनिधित्व देने को तैयार हैं।

### डीएवी में मनी प्रेमचंद की 144वीं जयंती



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की 144वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां मुंशी प्रेमचंद पर आधारित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज, डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ प्रेमचंद जी के चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर किया। नौवीं कक्षा के छात्र अक्षत ने प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उच्च कोटि का लेखक एवं सुधारवादी साहित्यकार बताया। श्री खान ने कहा कि प्रेमचंद जी जैसे उच्च कोटि के लेखक सदियों में जन्म लेते हैं। मौके पर शिक्षक आलोक कुमार, नीरज श्रीवास्तव, अंबरीश पांडे, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा थीं।

### कांग्रेस के प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने कई गांवों में किया जनसंपर्क



**चैनपुर पलामू।** जनसंपर्क यात्रा के 24वें दिन कांग्रेस के झारखंड प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने चैनपुर प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क किया। श्री तिवारी चैनपुर के ग्राम पंचायत बन्दुआ, काराकाट, बुढ़ीबीर, बेलवादामर, जैनगरा, चोठासा, उलमान, ढुडुबार, खोहरी खरकटी एवं सुकरी में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की समस्या से अवगत हुए। जनसंपर्क में रीजवान खान जिला उपाध्यक्ष, अमरेश पांडेय, विद्या सिंह चेरो जिला उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया विश्वनाथ पांडेय, शिक्षक रामनाथ पांडेय, युगेश्वर राम, करमी देबी, पलिया देबी, प्रभुचंद्र बंशी, निजामुद्दीन खलीफा, अमीरका राम, चोठासा मुखिया अरविंद तिवारी, सुनील दुबे, जगदीश भी थे।

### कांग्रेस का छतरपुर विधानसभा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा पाटन के कुडवामोड़ मैरैज हॉल में छतरपुर विधानसभा प्रखंड स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टु पाठक, उपाध्यक्ष ईश्वरी सिंह, पाटन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष पलामू अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष पलामू अनील सिंह, मंडल अध्यक्ष पाटन लव सिंह, शहजाद अली, पाटन दलित कांग्रेस अध्यक्ष पाटन संजय पासवान, छतरपुर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल सिंह, मुस्ताक अहमद, छतरपुर नगर अध्यक्ष परवेज आलम, अध्यक्ष नौडीहा बाजार सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जर्जर तार और खंभा दे रहा है हादसे को आमंत्रण : डॉ मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ विधायक ने पांकी विस क्षेत्र के बिजली से वंचित गांवों में विद्युतीकरण कराने का मामला उठाया



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के पांचवें दिन में अल्पसूचित प्रश्न पूछे। विधायक ने प्रश्न के दौरान कहा कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में आरडीएसएस (संशोधित वितरण क्षेत्र योजना) से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार हेतु कार्य किया जा रहा है परन्तु पांकी विधानसभा क्षेत्र में आरडीएसएस का कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पाया है, जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तार (कंडक्टर), खंभे आदि भयावह स्थिति में दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं? क्या यह बात सही है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई गांव विद्युतापूर्ति से वंचित है तथा कई गांवों में ट्रांसफार्मर जले हुए है? यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जर्जर तार, खम्भे तथा जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलने तथा विद्युतापूर्ति से वंचित ग्रामों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों? विधायक के सवाल के जवाब में कहा गया कि आरडीएसएस योजना के तहत प्रस्तावित कार्य मेसर्स एनसीसी लिमिटेड को आवंटित हुआ है। इनके द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। दुर्घटना संभावित जर्जर तारों को प्राथमिकता के आधार पर विभाग द्वारा समय समय पर मरम्मति व सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जाता है। पांकी विस क्षेत्र समेत पलामू जिला में 1068 टोलों के विद्युतीकरण हेतु सीपीआर तैयार

# राज्य सरकार की उदासीनता से एयरलाइंस का परिचालन नहीं हो पा रहा प्रारंभ : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में नागर विमान मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात किया। इस अवसर पर सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट से परिचालन प्रारंभ करने से संबंधित विस्तृत चर्चा की। श्री राम ने कहा कि चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है। परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। विदित है कि डालटनगंज से रांची-कलकता रांची-डालटनगंज एवं

■ सांसद ने नागर विमान मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से की मुलाकात



डालटनगंज-पटना -वाराणसी - पटना-डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, परंतु चियांकी एयरपोर्ट की है से संबंधित प्रतिवेदन अभी तक जिला से राज्य सरकार को प्राप्त नहीं प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि राज्य सरकार ने इसके लिए उपायुक्त को स्मारित भी किया है।

**खास बातें :** उपायुक्त ने भी पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में प्रतिवेदन की मांग की है। सांसद ने भी पुलिस महानिरीक्षक को इस संबंध में प्रतिवेदन भेजवाने का आग्रह किया था। राज्य सरकार एवं पदाधिकारियों को भी इस दिशा में वाछित कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि पलामू एवं आस-पास के जिले के निवासियों को वायुयान यात्रा की सुविधा मिल सके। इतना ही नहीं यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची-कलकता-रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना-वाराणसी- पटना- डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। आज के दिन में कोई भी उद्यमी रांची से डालटनगंज और डालटनगंज से रांची की यात्रा में 6 से 7 घंटे व्यतीत करना नहीं चाहता है।

पर्यावरणविद डॉ कौशल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ उनके आवासीय परिसर में लगाये पौधे

# लोगों को डॉ कौशल से सीख लेने की जरूरत है : शिवराज

■ डॉ कौशल ने इस वर्ष 3 जुलाई को रशियन कंट्री से निःशुल्क पौधा वितरण के 58वां वर्ष का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के राजधानी दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय अतिथि भवन पूसा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवासीय परिसर में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पलामू छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ हिमाचल के कपूर का पौधा लगाया। मौके पर जिला पार्षद अमित जायसवाल, सूरज जायसवाल व हनुमान प्रसाद मौजूद थे।



पौधा लगाते मंत्री शिवराज सिंह चौहान व डॉ कौशल एवं पार्षद अमित।

**खास बातें :** मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल से बातचीत के बाद उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश को जरूरत है डॉ कौशल किशोर जायसवाल के कार्यों से सीख लेने की। श्री सिंह ने उनसे नर्मदा नदी के किनारे भी पौधरोपण करने की बातें कही। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने बताया है कि उनके द्वारा निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण के 58 वां वर्ष और पर्यावरण धर्म वनराखी मूवमेंट 48वां वर्ष पूरा होने के उपरांत इस वर्ष का रशियन कंट्री अजरबैजान के राजधानी बाकू से वृक्षों पर रक्षा बंधन और निशुल्क पौधा वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। मौके पर डॉ कौशल ने घोषणा किया कि इस वर्ष विश्व के पांच देश और देश के 10 राज्यों में अभियान चलाकर निःशुल्क पौधा वितरण, रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

# ऑक्सफोर्ड में फ्रेंच भाषा शिक्षण आरंभ सह अंतर्विद्यालय स्पोर्ट्स का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. ए. के. सिंह ने बताया कि कक्षा षष्ट से नवम एवं ग्यारहवीं के इच्छुक छात्रों के लिए विद्यालय ने आज से फ्रेंच भाषा शिक्षण की शुरुआत की गयी। प्रत्येक भाषा की अपनी महत्ता होती है। जीवन के किस अवसर पर किस भाषा की आवश्यता पड़ जाए कहा नहीं जा सकता। अतः फ्रेंच भाषा शिक्षण जैसे सुअवसर का लाभ छात्र अवश्य उठायें। सीबीएसई द्वारा भी अनेक भाषाओं के शिक्षण को महत्व दिया जा रहा है। इस अर्थ में भी फ्रेंच भाषा शिक्षण प्रभावी है। विदित हो कि पिछले कई दिनों से कक्षा चतुर्थ से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतः विद्यालयीन स्पोर्ट्स (क्रिकेट एवं कबड्डी) का सतत



कार्यक्रम में उपस्थित विजयी प्रतिभागी।

आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा सातवीं व आठवीं के क्रिकेट व कबड्डी खेल शामिल है। क्रिकेट में कक्षा सातवी अ का कक्षा ब से हुए मैच में सातवीं ब टीम विजित रही। कक्षा सातवीं स का कक्षा द से हुए मैच में सातवीं स टीम विजित रही। फाइनल मैच में कक्षा सातवीं ब का कक्षा स से हुए मैच में स टीम विजित रही। कक्षा आठवीं अ का कक्षा ब से हुए फाइनल मैच में अ टीम विजित रही। सुपर ओवर के इस खेल में आठवीं अ ने 35 रन का लक्ष्य देकर, विरोधी टीम को शून्य रन पर रोककर पटखनी दी। कबड्डी में कक्षा सातवीं अ का कक्षा ब से हुए मैच में सातवीं ब टीम विजित रही। कक्षा सातवीं स का कक्षा द से हुए मैच में सातवीं स टीम विजित रही। फाइनल मैच में कक्षा सातवीं ब का सातवीं स से हुए मैच में स टीम विजित रही। कक्षा आठवीं अ का कक्षा ब से हुए फाइनल मैच में अ टीम विजित रही।

# रोटा वायरस की दवा पलामू में भी उपलब्ध है : सिविल सर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में रोटा वायरस खासकर छोटे बच्चों में पाया जाता है। रोटा वायरस डेढ़ माह से साढ़े तीन माह के बच्चों में पाया जाता है जिसके बचाव के लिए सिविल सर्जन डा अनिल कुमार के प्रयास से रोटा वायरस की दवा 5820 डोज विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया है। यह वायरस विशेषकर छोटे बच्चों में ही पाया जाता है जो अपना पांव न पसारे इसे लेकर पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग काफी मुस्तैद है। यह वायरस डायरिया के रूप में बच्चों को अपने चपेट में लेता है। जो मौत तक बच्चों को पहुंचा देता है। इस संबंध में सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने बताया कि यह एक गंभीर रोग है। बच्चों में पाया जानेवाला डायरिया जानलेवा होता है। उन्होंने कहा कि रिजनल वैक्सीन स्टोर से पलामू को दवा उपलब्ध करा दी गई है। यहीं से गढ़वा व लातेहार को दवा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा झारखंड को एक लाख डोज रोटा वायरस की दवा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला को 4120 व लातेहार को 2080 डोज रोटा वायरस की दवा उपलब्ध की जायेगी।

# हुसैनाबाद विधायक ने दी है पांच सड़कों की सौगात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ सभी पांच सड़कों को मिली स्वीकृति, आजादी के बाद पहली बार चंद्रपुर के लोगों को मिलेगा सड़क का लाभ



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधायक की अनुशंसा पर ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड ने हुसैनाबाद की पांच सड़कों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें सड़या से चनरपुर सड़क आजादी के बाद पहली बार बनेगी। इस गांव के लोग बरसात के दिनो मे लगभग कैद हो जाते हैं। अब सड़क बन जाने से वह प्रखंड मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि हुसैनाबाद में पंचायत पोलड़ीह में बहेरा भोला मोड़ से कुंदन मोड़ तक, मंगलदीह कोनापर से महादेव शर्मा के घर तक, हैदरनगर में सड़या से चनरपुर स्कूल तक, मोहम्मदगांज में मुख्य पथ रामबांध से बरवाडीह टोला होते हुए मुख्य पथ नहर पंचायत सचिवालय तक व पंसा के बडिहा हरिजन टोला से बजरंग बली डोमा बाबा तक सड़क बनेगी।

### कचनपुर का आदित्य हुआ लापता



**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र का आदित्य कुमार (16) पिता अजय रजक स्कूल जाने के लिए निकला और अभी तक न स्कूल पहुंचा और न ही घर लौटा है। इसे लेकर उसके परिजन परेशान हैं। परिजनों ने कहा कि अगर किन्हीं को आदित्य मिले तो मोबाइल नंबर 8002064233 पर या नजदीकी थाना में सूचित करें। परिजनों ने आदित्य को हर ठिकाने पर खोजबीन भी कर रहे हैं।

### अखिलेश अध्यक्ष और बबीता बनी उपाध्यक्ष



**चैनपुर पलामू।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय पथरा में प्रबंधन समिति के गठन को लेकर अभिभावकों की बैठक हुई। जिसमें विद्यालय के विकास को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। प्राचार्य मो हामिद इमाम ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का आग्रह किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिसमें अखिलेश प्रसाद चौरसिया को अध्यक्ष, बबिता देवी को उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर शिक्षक प्रेम रंजन सिन्हा, वार्ड सदस्य सुबोध गुप्ता, पंकज कुमार, अर्चना थे।

### धनंजय बने अध्यक्ष और बलराम सचिव



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के पांडेपुर के बांधपर टोला पर बसपा की बैठक हुई। जिसमें बसपा प्रदेश अध्यक्ष सह विस प्रत्याशी राजन मेहता उपस्थित थे। बैठक में पार्टी की मजबूरी व विस्तार पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। वहीं प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें धनंजय रवि को प्रखंड अध्यक्ष, बलराम रवि को उपाध्यक्ष को बनाया गया। दोनों को बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर डॉ साबिर अंसारी, अमेश रवि, राजेंद्र राम, संजय मेहता, डॉ राजकुमार रवि, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र ठाकुर मौजूद थे।

# रामगढ़ प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव निरस्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ की प्रमुख प्रेमनी देवी अपने पद पर बनी रहेगी। उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया है। अविश्वास प्रस्ताव के मद्देनजर गुरूवार को प्रखंड कार्यालय में वोटिंग को लेकर बैठक की गयी, जिसमें सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी ने मुख्य रूप से भाग लिया। उनके अलावा प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतेश भास्कर भी मौजूद रहे। अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में निर्धारित पंचायत समिति सदस्यों की उपस्थिति नहीं हो पायी। ऐसे में एसडीओ ने अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया।

### अनुसचिवीय कर्मचारी संघ हड़ताल के 11वें दिन सरना स्थल पर की पूजा

**मेदिनीनगर।** अनुसचिवीय कर्मचारी संघ शाखा पलामू के अनिश्चितकालीन हड़ताल के 11वें दिन ग्राम पोखराहा स्थित केंद्रीय सरना स्थल पर पूजा अर्चना की गयी। सरना स्थल पर पाहन ने विधि विधान से पूजा करायी। सभी कर्मियों ने हाथ जोड़कर प्रार्थना की कि झारखंड सरकार का हृदय परिवर्तन हो। साथ ही हमारी मांगों पर विचार कर समाधान करें। जिलाध्यक्ष रंजय ने कहा कि कुंभकरणी सरकार को ध्यान आकृष्ट कराने व हृदय परिवर्तन कराने के लिए सरना स्थल पर पूजा की है।

# सड़क पर खड़ी ट्रक में बाइक ने मार दी टक्कर, एक की मौत एक गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** सूलतानी गांव के समीप पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 98 फोरलेन सड़क पर गुरुवार के दोपहर करीब एक बजे तेज गति से आ रही बाइक सड़क पर खड़ी ट्रेलर ट्रक से जा टकराई। इससे बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूलतानी गांव के पास फोरलेन सड़क निर्माण करा रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी में आपूर्ति के लिए डस्ट लोड एक ट्रेलर ट्रक खड़ा था। इस दौरान छतरपुर की ओर से आ रही तेज गति से बाइक पीछे से टकरा गई। इससे बाइक पर सवार बिहार के औरंगाबाद जिला के देवकुंड थाना क्षेत्र के दुलारे बिगहा गांव निवासी चन्द्रदेव सिंह के 25 वर्षीय पुत्र धर्मेन्द्र कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

### डैम में डूबने से युवक की हुई मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नौडीहा पंचायत के जुड़वां खाड़ टोला में चेक डैम में डूबने से उमेश भुइयां पिता गिरवर भुइयां की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार एक साल पहले माइनर एरिगेशन विभाग से दुर्गावती नदी में चेक डैम बना था। डैम निर्माण से दुर्गावती नदी के आसपास के क्षेत्र में पानी भर गया। चेकडैम में दो बच्चे नहा रहे थे, जिसे बचाने के क्रम में उमेश की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर जिप सदस्य संग्राम सिंह एवं नौडीहा मुखिया रंजीत सिंह ने परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की तथा हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

# ग्रामीणों का नहीं हो रहा कार्य, पदाधिकारी सुधर जायें नहीं तो कार्रवाई : रामानंद पाठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदर प्रखंड में बीस सूत्री समीक्षा बैठक करते लोग।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड मेदिनीनगर अंतर्गत 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में सबसे पहले विभिन्न विभाग के संबंधित पदाधिकारी कि बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामानंद पाठक ने नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय से प्रायः दिन प्रतिदिन शिकायतें मिल रही है कि दूर दराज से आए हुए लोगों का एक भी काम नहीं हो रहा है। बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने कहा कि क्षेत्र में अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जायेगा। बैठक में पाया गया कि कोई भी पदाधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं थे जिस पर अंचल अधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। कहा गया कि जल्द से जल्द अंचल में कार्यरत सभी हल्का के कर्मचारी, अमीन एवं कर्मी के साथ बैठक करायी जाये। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा करते हुए उपाध्यक्ष ने जर्जर स्वास्थ्य केंद्र चियांकि एवं खामडीह का मामला उठाते हुए भवन निर्माण विभाग के जे ई को निर्देश किया कि जल्द से जल्द भौतिक रूप से जांच कर नई प्राक्कलन बनाते हुए विभाग से टेंडर कराई जाए तब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए स्वास्थ्य केंद्र को कहीं और सरकारी भवन में शिफ्ट करायी जायेगी। वहीं कान्दु मोहल्ला में भी खपरैल मकान में संचालित स्वास्थ्य केंद्र को तत्काल खाली पड़े सरकारी स्कूल भवन में शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से अनुपस्थित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कई मांग की थी।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, गरिमा साहनी, जतरु उरांव, सदर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी रिद्धि, प्रखंड कर्मी वीरेंद्र, राहुल कुमार, भवन निर्माण के जे ई नीतीश कुमार सिंह, जेएसएलपीएस से अविनाश कुमार, संजय चौरसिया आदि उपस्थित थे।

# भावी विधायक प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने पाटन नावा जयपुर पदमा मुख्य सड़क पर की धनरोपनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन (पलामू)।** पाटन प्रखंड के पाटन नावा जयपुर पदमा मुख्य सड़क कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है, जिस पर यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा अब तक कोई पहल नहीं किया गया।

वहीं भारी बारिश होने के बाद बदहाल स्थिति में हो जाती है, वहीं आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कई जनप्रतिनिधि क्षेत्र में उत्तर चुके हैं, वहीं क्षेत्र भ्रमण के दौरान छतरपुर पाटन के भावी प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने जर्जर सड़क को देखते हुए ग्रामीणों के साथ पाटन नावा जयपुर पदमा मुख्य सड़क पर धानरोपनी कर विरोध जताया है। साथ ही कहा कि इस रोड की स्थिति यहां के



लोगों के सथ मिलकर सड़क पर धनरोपनी करतीं चंद्रमा कुमारी।

जनप्रतिनिधियों के नकामी को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीणों ने इस क्षेत्र का सेवा करने का मौका दिया तो बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ, कृषि जैसे मुलभुत सुबिधा को प्राथमिकता के साथ यहां के लोगों को सुबिधा मुहैया कराउंगी।

वहीं के स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क में आए दिन सड़क दुर्घटना आम हो गई है दुर्घटनाएं लगातार होती रहती है, जिसे स्थानीय ग्रामीणों में काफी नाराजगी देखी गई। मौके पर उर्मिला देवी, बचिया देवी, लगनी कुंवर, लाल बिहारी यादव, मुखदेव यादव, अमारिक यादव, रविंद्र यादव व दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता आज दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का करेंगे शुभारंभ

**चतरा।** मंत्री सत्यानन्द भोगता 03 अगस्त 2024 को टंडवा में एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे और टंडवा प्रखंड कार्यालय परिसर में श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग द्वारा आयोजित 'दतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2024' का उद्घाटन करेंगे। इस मेले में लगभग दो हजार युवाओं को विभिन्न कंपनियों के ऑफर लेटर प्रदान किए जाएँगे। इसके अलावा, छात्रों और अन्य लाभार्थियों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियाँ वितरित की जाएँगी। मंत्री श्री भोगता साइकिल भी वितरित करेंगे।

### चार दिवसीय धरना देने की घोषणा

**चतरा।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने वाले आईसीटी इंस्ट्रक्टरों ने सम्मानजनक वेतन और स्थायी समायोजन की मांग को लेकर 5 अगस्त से चार दिवसीय धरना देने की घोषणा की है। वर्तमान में अनुबंध पर कार्यरत ये इंस्ट्रक्टर अपने वेतन को अत्यंत कम मानते हैं, जो एक मजदूर से भी कम है। रांची के डॉ. जाकिर हुसैन पार्क में होने वाले इस धरने में पूरे झारखंड से लगभग 3000 आईसीटी इंस्ट्रक्टर शामिल होंगे। संघ ने विधानसभा घेराव और रैली का भी आयोजन किया है।

### राहुल दुबे ने शिला ओपी का प्रभार संभाला

**सिमरिया।** राहुल दुबे को शिला ओपी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्री दुबे ने गुरुवार को ओपी का प्रभार ग्रहण किया। वे 2018 बैच के युवा अधिकारी हैं और इससे पहले वे टंडवा थाना में तैनात थे। ओपी प्रभारी ने एक सादे समारोह में अपना पदभार ग्रहण किया और बताया कि ओपी क्षेत्र में भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना, कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम लोगों से मधुर संबंध बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी।

### वन अधिकार पट्टे के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**चतरा।** जिले के पत्थलगडा में वन अधिकार का पट्टा दिलाने के नाम पर ग्रामीणों से अवैध वसूली की जा रही है, जिसकी शिकायत कई ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से की है। वन अधिकार अधिनियम के तहत वन पट्टा दिलाने के लिए अंचल द्वारा फॉर्म भरा जा रहा है, लेकिन जमीन का नक्शा काटने और फॉर्म भरने के नाम पर ग्रामीणों से 2000 से 4000 रुपये तक की अवैध उगाही की जा रही है।

### प्रतापपुर इज्तिमा से लौट रहे दो लोगो पर जानलेवा हमला, घायल

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में आयोजित इज्तिमा से लौट रहे दो लोगों, मोहम्मद इस्तियाक और मोहम्मद आदिल पर निंजरा गांव के पास पांच-छह नकाबपोश लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जोरी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से इस्तियाक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर दो लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

### आरकेएस कंपनी की लापरवाही से मजदूर की मौत

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा में संचालित आम्रपाली कोल परियोजना में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए टाउनशिप बना रही आरकेएस कंपनी द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके कारण गुरुवार सुबह एक मजदूर की बिल्डिंग से गिरकर मौत हो गई। बड़कागांव प्रखंड के महुगाई कला का रहने वाला मजदूर आम्रपाली परियोजना के होनहे टाउनशिप में एनबीसीसी के अधीनस्थ आरकेएस कंपनी द्वारा निमार्णाधीन दो नंबर साइड बिल्डिंग में काम करने के लिए सुबह दस बजे पहुंचा था। इस दौरान वह सरिया बांधने के लिए बिल्डिंग पर चढ़ा था, लेकिन अचानक नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन समुचित मांग कर रहे हैं और कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

---

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर कार्यशाला का आयोजन, उपायुक्त ने कहा

# तीन अगस्त से लगाया जायेगा शिविर





### मंईयां सम्मान योजना का लाभ इन्हें मिलेगा

डीसी ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ 21 वर्ष से 50 वर्ष आयु वाले कि महिलाएं जिनके पास पीला, गुलाबी, हरा और सफेद राशन कार्ड हो, आयकर दाता नही हो, सिंगल लिंक्ड बैंक खाता, आधार, पहचान पत्र आदि हो तो वे योजना का पात्र बन सकते हैं।

**उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रथ जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घूम घूम कर आमजनों को योजना के बाबत विस्तृत जानकारी देने तथा जागरूक करने का कार्य करेगा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर गुरुवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में शामिल पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त ने कहा की राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने इस महत्वकांक्षी योजना की शुरुआत की है, योजना के तहत 21 से 50 वर्ष आयु की महिलाओं के रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिमाह एक हजार आर्थिक सहायता प्रदान किया जाना है, प्रत्येक माह के 15 तारीख तक यह राशि लाभुकों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में क्रेडिट किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहद ही महत्वाकांक्षी योजना है, ऐसे में आपके क्षेत्र अंतगर्त एक भी लाभुक महिला इस योजना से छूटे नही, यह सुनिश्चित करें। वहीं लाभुकों के चयन को लेकर जिले के सभी पंचायतों और शहरी क्षेत्रों के वार्डों में तीन अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में अधिक से अधिक लाभुक महिलाएं पहुंचे इसके लिए आवश्यक रूप से प्रचार प्रसार करें।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि योजना का लाभ लेने से एक भी योग्य लाभुक छूटे नही, उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए सम्बंधित क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका द्वारा निःशुल्क आवेदन फॉर्म उपलब कराया जाएगा। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, डीईओ सुभाष यादव, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ आदि मौजूद थे।

---

## एक नजर में

### रविदास महासभा में महिलाओं की उपेक्षा पर प्रकाश कुमार दास ने जताई चिंता

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** समाजसेवी प्रकाश कुमार दास ने रविदास महासभा जिला कमिटी, चतरा द्वारा प्रत्येक प्रखंड में कमेटी गठन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस समूह में 99% से भी अधिक पुरुष हैं और रविदास महिलाओं की अनदेखी की जाती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या महिलाएं अध्यक्ष नहीं हो सकतीं और क्या उनके लिए रविदास महासभा में आरक्षण नहीं है। दास ने कहा कि अगर आरक्षित सीटें नहीं हैं तो यह रविदास पुरुषों की दादागिरी है और समाज की महिलाएं इस जातीय संगठन के लिए बीमार, अपाहिज और अयोग्य हैं, जिसका भरपूर फायदा पुरुष उठा रहे हैं।

### मुखिया व उप प्रमुख प्रतिनिधि ने किया नव निर्मित भवन का निरीक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यायलय स्थित शिक्षा विभाग के द्वारा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय मरकच्चो में बुधवार को मरकच्चो उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह व उप प्रमुख प्रतिनिधि जनार्दन यादव के द्वारा नव निर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि ग्रामीणों द्वारा गड़बड़ी की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर भवन का निरीक्षण किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के वार्डन को भी मुखिया के द्वारा निगरानी रखने को कहा गया, ताकि बच्चों का भविष्य खतरे में ना हो।

---

# आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग घायल

### हजारीबाग के चलकुशा में हुआ हादसा, कोडरमा सदर अस्पताल में चल रहा इलाज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** हजारीबाग जिले के चलकुशा थाना क्षेत्र अंतगर्त सुगुन गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसा बीते बुधवार शाम की बताई जाती है। घटना के बाद सभी घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। घायलों के परिजनों के मुताबिक बीते बुधवार शाम को धान की बुआई कर सभी सदस्य खेत से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बारिश के साथ अचानक जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ, जिससे 22 वर्षीय राजेश यादव पिता मथुरा यादव, 4 वर्षीय अनमोल कुमार पिता राजेन्द्र यादव, मंदोदरी देवी, अर्चना देवी और संगीता देवी घायल हो गए। वहीं घायलों में राजेश यादव की गम्भीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बज्रपात से एक महिला की मौत



**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतगर्त जामु में वज्रपात होने से एक महिला की मौत हो गयी। वहीं मृतका की पहचान जामु निवासी 55 वर्षीय कुंती देवी पति ललित कुमार के रूप में हुआ है। घटना के सम्बंा में मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला गुरुवार की दोपहर को अपने खेत में काम कर रही थी, इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयी। घटना के बाद परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां इलाज के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कांवरिया सवार बोलेरो पेड़ से टकराई, एक की मौत, तीन घायल

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मारुति चौक के समीप गुरुवार अहले सुबह देवघर से लौट रही कांवरिया सवार बोलेरो पेड़ से टकरा गयी, जिसमें एक कांवरिया की मौत व तीन घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार चंपाडीह, पदमा हजारीबाग निवासी 30 वर्षीय विजय कुमार पिता महेश मेहता, 29 वर्षीय संजय पांडेय पिता अखिलेश किशोर, 45 वर्षीय आकाश मेहता पिता शिवशंकर मेहता और चालक 35 वर्षीय चंदन कुमार कसेरा पिता बिजेंद्र कसेरा एक बोलेरो पर सवार होकर देवघर से दर्शन कर वापस आ रहे थे। घटना के बाद नवलशाही थाना पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान चालक चंदन कसेरा की मौत हो गई।

### आरटीआई एक्ट के तहत विकास कार्यों से संबंधित लाभुकों की मांगी सूची

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष मो. तसोव्वर खान ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह जन सूचना पदाधिकारी को जन सूचना 2005 के अधिकार के तहत जयनगर पूर्वी पंचायत में चल रहे वित्तीय वर्ष 2022-2023, 2023-2024, 2024-2025 में विकास कार्य, अबूवा आवास, नल जल योजना का राशि स्थान और लाभुक की सूची की मांग किया है। वहीं मो. तसोव्वर खान ने कहा की जयनगर पूर्वी पंचायत में सरकारी राशि का बंदर बाट वर्तवान मुखिया के द्वारा किया जा रहा है।

एक ओर सरकार पानी के किल्लत को देखते हुए पानी जमा करने का स्किम चला रही है तो वहीं दूसरी ओर मुखिया के द्वारा जयनगर के सरकारी तलब गडुरा आहर को भर करके आंगन बाड़ी केंद्र का निर्माण करवाया जा रहा है।

### दलित महिलाओं के शोषण के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध, कोल हाइवा रोका

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** केरेडारी चट्टीबरियातु माइंस से रित्विक कंपनी की कोयला ढुलाई टंडवा सिमरिया चतरा गिद्धौर होते पब्लिक रूट से कटकमसांडी में कोयला ढुलाई में लगे रित्विक कंपनी के लाइजिंग गुर्गे द्वारा कंपनी के बेलगाम हाइवा से कुचले गए बब्लू भुइयां के शव पर जालसाजी घोषणा के विरुद्ध पीड़िता महिला जागो कुमारी ने मोर्चा खोल दिया है। 21 मार्च 2024 को डाभाबागी पास रित्विक कंपनी की कोल हाइवा ने बबलू भुइयां को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया था। सड़क जाम के बाद अधिकारियों और रित्विक कंपनी के अधिकारियों व लाइजिंग द्वारा मृतक की पत्नी जागो कुमारी को कंपनी में नौकरी, मुआवजा सहित उसके बच्चों को पढ़ाई के लिए व्यवस्था के घोषणा आश्वासन के बाद सहमति बनी थी। लेकिन घोषणा के बाद चार महीने बीत जाने के बाद भी मृतक की पत्नी को कंपनी में नौकरी और रोजगार नहीं दिया गया और ना ही बच्चों को पढ़ने के लिए कोई व्यवस्था की गई।

### चार आरोपियों को हिरासत में ले पूछताछ जारी

**कोडरमा।** जिले में लगातार मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय होता नजर आ रहा था। ऐसे में तिलैया पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी करने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के गुप्त सूचना पर गठित टीम द्वारा अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसमें एक गया के शातिर अपराधी बताए गए हैं।

### बच्चों को दी गयी टेटनस डिप्थीरिया का टीका

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे राज्य में टेटनस डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। टीकाकरण सफलता पूर्ण संपन्न हो इसके लिए टीकाकरण से पूर्व ही अभिभावकों को टीकाकरण की संपूर्ण जानकारी दी जा चुकी थी। उनकी सहमति से ही छात्रों को टीका दिया गया। यह टीका विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों की देखरेख में शांतिपूर्ण संपन्न कराया गया। वहीं प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के सफल प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह टीका छात्रों को बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करेगा।

### सदर अस्पताल सभागार में मना विश्व स्तनपान दिवस

**कोडरमा।** सदर अस्पताल सभागार में उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार की अध्यक्षता में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला को प्रसव के उपरान्त एक घण्टे के अन्दर अपने बच्चे को मां का दुध ही पिलाएं। क्योंकि मां का पहला गढ़ा, पिला दुध बच्चे के लिए एक टीका के समान प्रतित है। इससे होने वाली छः गंभीर एवं जानलेवा बिमारी से बचाने का काम करता है। एक बार में एक स्तन से कम से कम 20-25 मिनट तक, फिर दुसरा स्तन से स्तनपान कराना चाहिए।

### पर्याप्त बारिश न होने से धान की रोपाई प्रभावित, किसान चिंतित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** पूरे जिले भर में पर्याप्त बारिश न होने के कारण से धान रोपनी का कार्य प्रभावित है। अगस्त का महीना शुरू हो गया है लेकिन उसके बावजूद भी गांव के किसान धान की रोपाई अभी तक नहीं कर सके,जबकि धान रोपनी का कार्य 15 अगस्त तक लगभग पूर्ण हो जाता है। वही ससमय धान की रोपाई ना होने के कारण से किसान काफी चिंतित है। किसान कमलेश यादव, अनूप यादव, मिथलेश महतो, विनोद महतो, सूचित कुमार, उदीश कुमार, जगमोहन महतो, शंकर यादव, नीतीश यादव, गौतम यादव, संजय भारती समेत कई किसानों का कहना है की खेत की जोताई,धान का बिचड़ा बुवाई में अधिक धन का खर्च हो चुका है और ऐसे में ससमय बारिश नहीं होती है तो धान की रोपाई लगभग नहीं के बराबर हो पाएगा।

जल स्तर काफी नीचे रहने के कारण कुआं व तालाब में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं है जिससे सिंचाई कर धान रोपाई की जा सके।यदि धान की रोपाई ना हो पाई तो परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो जाएगा।

# हेमंत की हिटलरशाही नहीं चलेगी : अनूप



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार राज्य के दमनकारी नीतियों एवं हिटलर शाही के विरोध में जिलाध्यक्ष अनुप जोशी के नेतृत्व में कोडरमा जिला मुख्यालय में राज्य सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। वहीं अनुप जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के द्वारा 31 जुलाई को जनता जनार्दन एवं बेरोजगार युवाओं बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को चूल्हा खर्चा, सेविका सहायिका, पारा शिक्षक को नियमित करने, अपने एजेंडा में पांच लाख बहाली एवं जन समस्याओं के समाधान हेतु प्रति पक्ष के नेता अमर बावरी की मांग पर टालमटोल करना और इस पर विधानसभा में चर्चा नहीं कराने पर विधानसभा सभागार में मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी। जिसे विधान सभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के इशारे पर जबरन विधान सभा के सभागार में विधायकों को बंद कर दिया। इसी दौरान सभागार में बिजली काट दी गई एवं पानी भी बंद कर दिया गया एवं मार्शल के द्वारा अभद्र व्यवहार कराया गया। आज पुनः झारखंड सरकार के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 18 विधायकों को निलंबित कर दिया गया। इसका भाजपा पुरजोर विरोध करती है। मौके पर शिवेंद्र नारायण, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, चंद्रशेखर जोशी, बालमुकुंद सिंह, बैजनाथ यादव, दिनेश सिंह, मुकेश राम, राजेश सिंह, विनोद सिन्हा, रज्जू भैया, हरि पंडित, दयानन्द सिंह, महेश यादव, इन्द्र यादव, संदीप गुप्ता, चन्द्रीका प्रसाद, देवेन्द्र सिंह, मुकेश मंडल समेत कई लोग मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय सोपारम में प्रधानाचार्य निर्मल नायक की विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड के कोयद पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय सोपारम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल नायक के सेवा निवृत होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने श्री नायक को गुलदस्ता, बैग, पुस्तक सॉल इत्यादि देकर विदाई दी। श्री नायक ने विद्यालय का प्रभार मणिकांत पाठक को सौंपा। विद्यालय प्रबंधन के अलावा कोयद विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और श्री नायक को अंग वस्त्र देकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री नायक ने एक जनवरी 2018 को मध्य विद्यालय सोपारम में योगदान दिया था और अपने सात साल के कार्यकाल में उन्होंने विद्यालय के विकास के साथ-साथ शिक्षा के स्तर को भी ऊपर उठाया। मणिकांत पाठक ने श्री नायक को एक मधुर भाषी और स्वच्छ छवि के इंसान के रूप में याद किया, जिन्होंने पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया। इस समारोह में मणिकांत पाठक, मरियम लकड़ा, दिलीप कुमार गुप्ता, पुरुषोत्तम दास, अनिल पाठक, उदय पाठक सहित विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल थे।

# झूठ फरेब की दमनकारी सरकार आवाजों को कब तक दबायेगी : डॉ. नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधान सभा मानसून सत्र के दौरान शून्यकाल में अपने क्षेत्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर समाधान को लेकर विधायक डॉ. नीरा यादव के द्वारा विगत दिनों मानसून सत्र के दौरान किया गया। ज्ञात हो कि झुमरीतिलैया नगर में जीरो कट बिजली हेतू पूर्व से स्वीकृत 25 मेगावाट है परंतु फिर भी 10-12 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है, इसे डॉ. नीरा यादव द्वारा नगर के लिए बढ़ाकर 40 मेगावाट बिजली आपूर्ति की मांग की गई एवं कोडरमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वन सीमावर्ती इलाकों जैसे नादकरी, हरलाडीह, पपलो, मसनोडीह, फुलवरिया, पचगावा आदि गांवों में जंगली जानवरों हाथी, नीलगाय, वन सुअरों से फसल, मकान एवं जान माल की सुरक्षा की स्थाई समाधान की भी मांग किया। वहीं बुधवार को युवाओं को



रोजगार को लेकर किए गए विपक्ष के महत्वपूर्ण प्रश्नों पर मुख्यमंत्री का वक्तव्य सदन में नहीं आने पर जोरदार हंगामे से एनडीए के सभी विधायकों द्वारा अनिश्चितकालिन धरना विधानसभा में ही कर दिया गया और रात भर वहीं विधायक डटे रहे। इनलोगों के वहां रहने पर अंदर के सारे एसी, लाइट, दरवाजा, पानी बंद कर दिए गए और सुबह खींच कर बाहर कर दिए गए। उन विधायकों में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव को भी निलंबित कर दिया गया। इस पर डॉ.नीरा यादव ने कहा यह धरती वीरांगना फूलो झानों और भगवान बिरसा मुंडा की धरती है, यहां के लोग संयमित और सीधे सो हैं पर कमजोर नहीं, हक के लिए लड़ना जानते हैं। मैं जनहित की लड़ाई लड़ रही हूं, लोगों की उम्मीद मुझ पर टिकी है तो मेरा भी फर्ज है कि उनकी आवाज़ को मैं सदन के पटल पर रखूं परंतु यह सरकार आवाजों को दबाने की भरपूर कोशिश कर रही है।

### हाइवा ऑनर एसोसिएशन ने किया बैठक, सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** चतरा के सिमरिया, टंडवा और केरेडारी हाइवा ओनर एसोसिएशन ने गुरुवार को किसान भवन में बैठक कर हाईवा के परिचालन में आ रही समस्याओं पर चर्चा की।

## स्पीड न्यूज

### द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की समीक्षात्मक बैठक



गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर जिला निर्वाचन कोषांग के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी एईआरओएस, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर डीसी ने सभी एईआरओएस को प्रति दिन कम से कम 10 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने ग्राम सभा का आयोजन करते हुए छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रपत्र 6,7,8 की प्राप्ति में तेजी लाने की बात कही। सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर सर्वे करने हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अंतिम सूची के प्रकाशन से पूर्व सभी लक्ष्यों को पूर्ण करने को कहा।

### घर में घूसकर सोये शिक्षक पर दो लोगों ने किया हथियार से हमला



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के पोढ़ा टोली गांव में दो लोगों ने घर में घूसकर सोये शिक्षक पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल को सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए घायल मोतीलाल राम ने बताया रात करीब साढ़े आठ बजे खाना खाकर घर में सोये हुए थे। तभी दो लोग घर का बाउंड्री फांद कर अंदर घुसे और धारदार हथियार से मेरे सिर में वार कर दिया। इसके बाद बाउंड्री फांद कर वे लोग भाग गए। खून से लथपथ होने के बाद मैं चिल्लाते हुए घर के बाहर आया। इसके बाद आस पड़ोस के लोग भी जमा हो गए और मुझे अस्पताल लाया गया। मोतीलाल ने बताया मैं रायडीह स्कूल में सरकारी शिक्षक हूं। मेरी पत्नी से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मेरा विवाह रायडीह प्रखंड के कांसीर जाही गांव से हुआ था। पत्नी से झगड़ा को लेकर दो बार पूर्व मैं थाना को आवेदन भी दिया है। मेरी पत्नी का भाई मुझे हमेशा धमकी देते रहता है। संभवत: उसी ने मेरे ऊपर हमला किया होगा। घटना की जानकारी पर गुमला पुलिस भी सदर अस्पताल पहुंची।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फार्म सेविकाओं के बीच किया गया वितरित



चैनपुर। चैनपुर मुख्यालय में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में सभी सेविकाओं की बैठक हुई। जिसमें राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फार्म वितरण किया गया। श्री यादव बैठा ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से राज्य की गरीब व मध्यम वर्गीय महिलाओं को हर महीने 1000 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यानी राज्य सरकार 12000 रुपए प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। जिससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मे सुधार होगा और राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ राज्य की 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए 1 अगस्त से ऑफलाइन आवेदन शुरू किये जा रहे है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर कैंप स्थापित किए जाएगें। इन कैंप में महिलाओं को स्वंय उपस्थित होकर आवेदन करना होगा।

### डीसी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जागरूकता रथ को किया रवाना



गुमला। समाहरणालय परिसर से गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का एलईडी युक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपरोक्त योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। राज्य सरकार द्वारा 21-50 वर्ष की महिलाओं को आर्थिक सहायता के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा ऐप पर पढ़ें।

### घाघरा से सहिया साथी व सहिया विस मार्च में भाग लेने रांची रवाना



घाघरा। घाघरा प्रखंड के स्वास्थ्य सहिया साथी और सहिया अपनी कई सूत्री मांग को लेकर गुरुवार को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने को लेकर रांची रवाना हुई। सहिया साथी ने बताया कि सहिया एवं सामुदायिक प्रशिक्षक संघ झारखंड के बैनर तले धरना कार्यक्रम रांची में आयोजित की गई है। जिसमें झारखंड से साथी शामिल होंगे। जिसमें मुख्यमंत्री के समक्ष कई सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। रांची जाने वाले लोगों में सीमा देवी, बबीता देवी पारस साहू, रेणु देवी, अनीता आशा देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, ममता देवी, प्रियंका सिंह, गीता देवी, संगीता सहित कई सहिया, सहिया साथी शामिल थे।

### रक्तदान कर महिला की बचायी जान

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य निखिल नरसरिया ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर के महिला की जान बचायी। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए। इस मौके पर राकेश कुमार सिंह,पंकज साबू रोहित खंडेलवाल रक्तदान प्रभारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलनकारी व विभागों में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी होंगे सम्मानित

**शाम में आयोजित होगा फुटबॉल या क्रिकेट मैच**

**स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक**



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। जहां जिलेवासी शामिल हो सकते है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों की साफ सफाई, सुसज्जिकरण, लाइटिंग संबंधित कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि मुख्य समारोह में झारखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया जाना है। साथ ही विभिन्न विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी व कर्मी को सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने पूरी तैयारियों को लेकर पुनः 10 अगस्त को बैठक का आयोजन किया है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के दिन संध्या काल में फुटबॉल अथवा क्रिकेट मैच के आयोजन करने की भी बात कही। बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर जागरूकता रथ को किया गया रवाना

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा गुरूवार को समाहरणालय परिसर से जिला के सभी पंचायत स्तर तक योजना के प्रचार-प्रसार हेतु तीन जागरूकता रथों समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। आमजनों को जागरूकता रथ के जरिये योजना की संपूर्ण जानकारी ऑडियो के जरिये मिलेगी। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य की 21-50 वर्ष की उम्र की महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि के रूप में दी जाएगी। सरकार के निर्देश पर 3 से 10 अगस्त तक प्रत्येक पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें योग्य लाभुक आकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने व भर कर जमा करने का कार्य किया जाएगा। इस मौके डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार, प्रमोद दास, जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, सीता पुष्पा समेत अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलनकारियों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित न करे सरकार : पुष्कर

**लोहरदगा में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला की बैठक गुरुवार को सदर ब्लॉक परिसर में जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमित की शिकायत दूर करने की मांग को लेकर की हुई। इस अवसर पर संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन भ्रष्टाचार, अनियमिता, शोषण, दमन अन्याय, अत्याचार से मुक्ति व विकास तथा जन कल्याण के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि चलते मानसून सत्र के दौरान झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान सम्मान अलग पहचान रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी एवं जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए समान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया नहीं दिया गया तो 24 अगस्त को रांची में विशाल सभा उलगुलान टू होगा और एक संग्राम का ऐलान किया जाएगा। केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा झारखंड की अलग पहचान की रक्षा की लड़ाई अधूरी है। जिला अध्यक्ष रामनंदन साहू ने कहा कि आंदोलनकारी की पहचान जीते जी हो एवं राजकीय मान, सम्मान पेंशन मिले। महासचिव कलिंद्र उरांव ने कहा कि जिले के आंदोलनकारियों झारखंड की आवाज बनेंगे। इस अवसर पर सुबोध कुमार लकडा, शंभु कुमार, शाहिद अंसारी अफरोज अंसारी नंदू लोहरा, अमानत अंसारी, विक्रम, इसरार अनिल पांडेय, कृष्ण मुंडा, बुद्धदेव उरांव साजिद उरांव जैस्मिता केरकेट्टा, निर्मला तिग्गा, सुशीला केरकेट्टा, प्रदीप उरांव, हरि उरांव, चरकू उराव वाहिद अंसारी विनोद यादव बालकिशन यादव ताहिर अंसारी, सुशांति केरकेट्टा आदि मौजूद थे।

# भरनो पुलिस ने अंतर जिला चोर गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

>> भरनो थाना क्षेत्र के जुरा गांव में मोबाईल टावर से बैटरी की हुई थी चोरी, चोरों के पास से 24 पीस बैटरी, एक वाहन व कटा हुआ ताला किया गया बरामद



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** मोबाईल टावर से बैटरी चोरी करने वाले अंतर जिला गिरोह के पांच सदस्यों को भरनो पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रांची के हिंदपीढ़ी खेत मुहल्ला निवासी 22 वर्षीय मो. शहनवाज, बड़ा तालाब रांची निवासी 23 वर्षीय साजिद, 22 वर्षीय रिजवान, खेत मुहल्ला निवासी 22 वर्षीय आर्यन उर्फ हुजैफा खान व नदी ग्राउंड मुहल्ला रांची निवासी 21 वर्षीय नैयर आलम के नाम शामिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी के 24 पीस बैटरी, घटना में प्रयोग बोलेरो वाहन, एक बोलेरो वाहन की चाभी, व टूटा हुआ ताला बरामद किया गया है। इस संबंध में गुरूवार को प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुरा में कुछ अज्ञात चोरों के द्वारा मोबाईल टावर का ताला काटकर बैटरी की चोरी की गयी थी। जिसको लेर गुरारू थाना क्षेत्र के बलिया जिला गया निवासी घनश्याम कुमार जो वर्तमान में जिओ टावर के तकनीशियन पद पर प्रतिनियुक्त हैं। उसने मोबाईल टावर से बैटरी चोरी की शिकायत थाना में की थी। शिकायत मिलने के बाद घटना से वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित किया गया। जिसके बाद मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित दल ने 24 घंटे के भीतर कांड का उदभेदन करते हुए अंतर जिला चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा गुमला व रांची जिला के कई मोबाईल टावर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। छापामारी दल में थाना प्रभारी भरनो कंचन प्रजापति, पुअनि नकुल शाह, पवन कुमार, अर्जुन कुमार यादव, मंटू चौधरी, अभिनंदन कुमार, राजेंद्र यादव, विजय लकड़ा, आरक्षी कार्तिक उरांव व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर तीन अगस्त से

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के ग्राम पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड में शिविर का आयोजन 03 अगस्त से 10 अगस्त तक किया जाएगा। शिविर का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखण्डों के 66 पंचायतों में यह शिविर पंचायत भवन में संचालित होगा। वहीं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शिविर का आयोजन वार्ड 04,05 एवं 08 के लिए सदर प्रखण्ड परिसर स्थित नगर भवन लोहरदगा, वार्ड 01,02,03, 09, 10 एवं 11 के लिए पुराना नगर परिषद कार्यालय लोहरदगा, वार्ड 12, 13, 16 एवं 17 के लिए नया नगर परिषद कार्यालय, वार्ड 06, 07, 14 एवं 15 के लिए विवाह भवन खादगढ़ा न्यु रोड, वार्ड 18, 19 एवं 20 के लिए लाईवलीहुड सेंटर नवाड़ीपाड़ा लोहरदगा में और वार्ड 21, 22 एवं 23 के लिए शिविर का आयोजन वार्ड विकास केंद्र मधुबन लोहरदगा में किया जाएगा। शिविर में अन्य योजनाओं के भी स्टॉल लगाये जाएंगे।

# जंगली हाथियों ने कैरो प्रखंड में फिर मचाई तबाही

**20 के संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने फसलों को भी किया बर्बाद**





**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांव में फिर एक बार जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला। बुधवार रात जंगली हाथियों ने हुदू निवासी रामदेव उरांव का मकान को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। वहीं सढाबे डुमरटोली निवासी किशोर उराव के घर को बीती रात लगभग 2 बजे रात में 20 की संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने पुरे घर को ढहा दिया और घर में रखे सभी समान को खाकर तीतर बितर कर दिया। जिसमे 16 बोरा गेहूं, सभी बक्सा, पलंग, देकची बर्तन, इत्यादि शामिल है। साथ ही उसी का बगल में लगा खेती को भी बर्बाद कर दिया । इनको अभी रहने के लिए भी जगह नहीं हैं। मुखिया सुमित्रा उराव ने अंचल अधिकारी से दूरभाष से बात की तो अंचल अधिकारी ने कही की अभी फिलहाल सामुदायिक भवन में रहने की व्यवस्था किया जाएगा । साथ ही उसी गांव के चौथू उराव के घर को भी गिरा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 20 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड आधी रात को हुदू गांव पहुंचा जहां रामदेव उरांव के घर को ढहाने के साथ कई किसानों के धान विचड़ा को रौंदा। उसके बाद सढ़ाबे पहुंचा जहां किशोर उरांव के घर को नुकसान पहुचाने के बाद अन्य लोगों के फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। जंगली हाथियों के लगातार तांडव से ग्रामीण काफी परेशान है वही वन विभाग इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाते हुए नहीं दिख रहा है।

### श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास ने संरक्षक जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन पर जताया शोक



लोहरदगा। श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास के संरक्षक जुगल किशोर पोद्दार के आकस्मिक निधन हो जाने पर न्यास के मनोहर सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम श्री शंकर तिवारी सेवा न्यास के अध्यक्ष सच्चिदानंद लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। संचालन सचिव सुधीर अग्रवाल ने किया। सर्वप्रथम स्व जुगल पोद्दार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि दिया गया एवं सभी ने एक मिनट का मौन रख कर उनके आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में शहर के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए और जुगल किशोर पोद्दार के साथ बिताए अपने जीवन काल को याद किया। जिसमे भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष राजवंश सिंह, कृपा शंकर प्रसाद सिंह, चंद्रशेखर अग्रवाल, ओम प्रकाश सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजेश महतो, शशिधर अग्रवाल, दीपक सर्राफ, अनिल गुप्ता, शिव शंकर सिंह, वीरेंद्र मित्तल, रामचंद्र गोप, नीरज कुमार नीलिन, पुष्कर महतो, अनिल अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मुरलीधर अग्रवाल, जयशंकर प्रसाद आदि ने अपने-अपने वक्तव्य दिए और स्व जुगल बाबू के जीवन कल के विषयों में विस्तार से बताया। सेवा न्यास के अध्यक्ष सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा कि जुगल पोद्दार हमारे अभिभावक के रूप में थे और हम लोगों के प्रेरणा स्रोत भी थे। वे मिलनसार मृदुभाषी, धार्मिक विचारधारा के व्यक्तित्व थे। वे अन्य कई सामाजिक संगठनों में बढ़कर हिस्सा लेते थे। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गजेंद्र नाथ चौबे, उदय शेखर, किनेश्वर महतो, डॉ कुमुद अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, अजय प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, श्याम सुंदर कुमार, राजेश्वर उरांव, अशोक कास्यंकार, मुकेश कुमार सिंह, सुनील सिंह, तुलसी उरांव, श्रीकांत मित्तल, सुरेश्वर कुजूर, विकास महतो, सुरेश साहू, धनेश्वर साहू, सुरेश लोहरा, राकेश साहू, शशि भूषण सिंह, गोकुल मित्तल, विनोद राय, कमल अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, दिनेश सिंह, प्रमोद प्रजापति, विकास भारती, प्रमुख सिंह, विपिन कुमार दास, बजरंग जायसवाल, नवीन पटेल, विक्रम सिंह, सचिन कुमार, विपुल कुमार तमेडा, हिमांशु केसरी आदि उपस्थित थे।

### बलदेव साहू महाविद्यालय के परिसर में सीएससी सेंटर द्वारा छात्रों से अवैध वसूली के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



लोहरदगा। बलदेव साहू महाविद्यालय के परिसर में स्थित सीएससी सेंटर के द्वारा छात्रों से नामांकन के नाम पर अवैध वसूली को लेकर एबीवीपी ने गुरुवार को महाविद्यालय को ज्ञापन सौप कर करवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है की छात्रों द्वारा उन्हें सूचना मिली है की महाविद्यालय द्वारा जो सेवा शुल्क का मूल्य निर्धारित किया गया है उसका पालन न करते हुए सेंटर के मालिक के द्वारा अवैध वसूली की जा रही है जिससे छात्र परेशान हैं। छात्रों के द्वारा जब यह जानकारी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को दिया गया तो तब एवीबीपी के सदस्यों ने वहां जाकर स्थिति का पता लगाया लेकिन सेंटर के मालिक के द्वारा उनसे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए यह कहा गया की महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा मुझे निर्देश प्राप्त है तथा मुझे नामांकन रद्द करने का भी अधिकार है। जिसके बाद विद्यार्थी परिषद के द्वारा गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य को इससे संबंधित ज्ञापन सौंपा गया तथा छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र करवाई की मांग की गई।

# राहुल की यात्रा को सफल बनाने में सभी की भगीदारी होगी सुनिश्चित : चैतु उरांव

**खबर मंत्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जनसमपर्क यात्रा की तैयारी को लेकर गुरूवार को घाघरा प्रखंड के कांग्रेसियों की बैठक झखरा कुंबा में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव शामिल हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष उरांव ने कहा कि गुमला जिला के सभी प्रखंडो में बैठक करना है। इसी निमित्त आज घाघरा प्रखंड की बैठक हुई। राहुल गांधी का जिला के सभी प्रमंडल में विधानसभावार यात्रा आरंभ होना है। आज हम सभी को जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर तक के पार्टी पदाधिकारियों एवं जिला, प्रखंड कमिटी के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्ययोजना तैयारी हम सभी कर रहे है। बैठक में जिला महासचिव रमेश जायसवाल, सचिव तरुण गोप, पवन केवट, गन्दूर महली, घुड़ा उरांव, सौरभ भगत, प्रेमचंद भगत, सरोजिनी किरण भगत, बसंत भगत, किसुन उरांव, सुखनाथ, फ्रांसिस जेबियर, बैजनाथ उरांव, सुखदेव टाना भगत, ज्ञान प्रकाश उरांव, मोतीलाल लोहरा, सूरज बाडा, भरत, बुधवा उरांव, चंद्रेश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कनक ज्वेलर्स गोलीकांड के खुलासे को लेकर टीम बनाकर पुलिस कर रही है जांच

**गोलीकांड में शामिल अभियुक्त पुलिस के रडार पर हैं, अपराधियों की हो चुकी है पहचान**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** शहर के मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी में गुमला पुलिस जुट गयी है। तीन टीम बनाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। अभियुक्तों की पहचान कर ली गयी और सभी पुलिस के रडार पर हैं। कभी भी पुलिस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मामले का उदभेदन कर सकती है। वहीं पुलिस गोलीकांड के हर पहलु की बारीकी से जांच कर रही है। हर बिंदु पर पुलिस अध्ययन कर उक्त मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रांची में एक कांड में संलिप्त अपराधियों ने ही घटना को अंजाम दिया है। ज्ञात हो कि कनक ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड के बाद जिले के व्यापारी आक्रोशित हो उठे थे। कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर गुमला बंद भी था। वहीं व्यापारियों ने पुलिस को अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 72 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया गया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गुमला : सरकार के हिटलरशाही व दमनकारी नीतियों को लेकर हेमंत सोरेन का भाजपाईयों ने फूंका पुतला

**बेरोजगारी व जनता की समस्या उठाने पर सीएम के इशारे पर विपक्षी विधायकों को कमरे में किया गया बंद : शिव प्रसाद**



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** राज्य सरकार की हिटलरशाही व दमनकारी नीतियों को लेकर गुरूवार को प्रदेश भाजपा के निर्देश पर जिले के भाजपाईयों ने स्थानीय टावर चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने कहा कि भाजपा के विधायकों द्वारा विधानसभा में जनता एवं बेरोजगार युवाओं की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात रखी थी। तब विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के इशारे पर विधान सभा सभागार में जबरन विधायकों को बंद कर दिया गया। आज पुनः झारखण्ड सरकार के इशारे पर विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 19 भाजपा विधायकों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही असम के सीएम हेमंत विश्वा सरमा को अपने झारखण्ड प्रवास के क्रम में सरकार की दमनकारी नीतियों एवं हिटलरशाही के कारण गोपिनाथपुर क्षेत्र का भ्रमण करने की अनुमति नहीं दी गई। जिसको लेकरा भाजपा ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश उरांव, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष यशवंत सिंह, सुजीत नंदा, संजय कुमार साहू, भाजयुमो अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, महामंत्री संदीप प्रसाद, विनोद कुमार, भोला चौधरी, महिला मोर्चा महामंत्री पायल तिवारी, रामेश्वरी उरांव, मंगल सिंह, संतोष सिंह, अशोक कुमार साहू (मुन्नाजी), दिनेश्वर साहू, विकास सिंह, देवदत भारती, कौशलेंद्र जमुआर, सावित्री मेहता, पार्वती देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, मालती देवी, पुष्पा देवी, गुड्डी नंदा, सुषमा गुप्ता, चितरंजन मिश्रा, शम्भू सिंह, किशोर मिश्रा, जितेंद्र साहू, कंचन सिंह, अजित कुमार, शंभु नायक, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, सौरभ गुप्ता, अभय राम, शिवम साहू, विपिन सिंह, संजय वर्मा, अनूप कुमार साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्राण प्रसाद जायसवाल की 25वीं पुण्यतिथि मनाई गयी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी स्वर्गीय प्राण प्रसाद जायसवाल की 15वीं पुण्यतिथि शहर के बीआईडी स्थित आवास मे मनाई गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि प्राण बाबू कुशल नेतृत्व वाले नेता थे। उन्होंने पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाया। बी एस कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो शशि कुमार गुप्ता ने कहा कि स्व प्राण प्रसाद मृदुस्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। वरिष्ट कांग्रेसी नेता अशोक कुमार यादव कहा की स्व प्राण प्रसाद समाजसेवी एवं कदावर कांग्रेस नेता थे। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर स्व प्राण प्रसाद की धर्मपत्नी प्रमिला देवी, पुत्र सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ शैलेश कुमार, एसडीओ अमित कुमार, भाजपा नेता प्रवीण कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिका सिस्टर बसंती, सिस्टर आश्रिता, आशीष जायसवाल, विकास, डब्लू, मनोज, विजय जयसवाल, संदीप गुप्ता, दीपक, पंकज जयसवाल, संजय बर्मन, सुधीर अग्रवाल, सत्यदेव भगत, सामूल अंसारी, रविन्द्र सिंह खेरवार, प्रशांत, ठाकुर प्रसाद, विशाल डुंगडुंग, उल्फत, सीमा, इंतेखाब, नंदू शुक्ला, निश्चय वर्मा, सोमदेव उरांव, जलेश्वर उरांव, प्रकाश, बुधवा, जमील, नुसरत, आजाद खान, सजीबुदीन सेख, मनोज टोप्पो, संदीप कुमार, लकी, विनय, मुर्शीद खान, अनिल देव, धर्मेंद्र, समी अहमद, खुर्सीद आलम, जतरू उरांव, कुणाल, दुर्गा, असलम, मुनव्वर, अनमोल तिर्की, ब्रजेश साहू, महावीर उरांव, मनीष कुजूर, अमनी उरांव, सुशील, हरिदास, सुशील, मुनीम, बबिता देवी, दीपक महतो, दिनेश, राजू, समशुल, शाहबुल राय, तल्हा अंसारी, संतोष महतो, कैश आलम, राजकुमार, गुलशन, एजाज, इम्तियाज अंसारी, कर्मा, गोपाल साहू, नसीम, जसीम, रिंकू शाह, गणेश, सद्दाम हुसैन, इकबाल, आकाश, आनंद, अवधेश, नकुल, समीम, रंजीत नायक, मुरारी, उदय नायक, तपेश्वर साहू आदि उपस्थित थे।

# पांच कांवरियों की दर्दनाक मौत, घटना के विरोध में सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** देवघर बाबा धाम से बालूमाथ मकईयाटांड़ आ रहे कावरियो का सवारी वाहन गुरुवार को टमटम टोला के समीप बिजली पोल से टकरा जाने के बाद पांच कावरीयों की मौत हो गई। इधर बालूमाथ पुलिस ने सभी मृतक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुवे अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग, मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपए मुआवजा व एक सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर बालूमाथ चंदवा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पाकर लातेहार एसडीओ, बालूमाथ डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, बालूमाथ बीडीओ अंचलाधिकारी समेत कई अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे व जाम कर रहे लोगों से वार्ता किया जहां पदाधिकारी द्वारा सरकारी प्रावधान के तहत मिलने वाले मुआवजा को जल्द से जल्द देने के आश्वासन के बाद सड़क से जाम को हटाया गया।

**बालूमाथ पुलिस की दिखी सक्रियता**

कांवरियों की वाहन बिजली खंभे में टकराने के बाद ग्रामीणों द्वारा बालूमाथ थाना को सूचना दिया गया जहां बालूमाथ एसडीपीओ आसुतोष कुमार सत्यम व थाना प्रभारी विक्रांत उपाधाय ने अपने दल बल के साथ घटना सथल पहुंच कर घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक ईलाज के बाद हनेश व चरकु यादव को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर बालूमाथ पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया।


मृतक।

## घटना के पीछे बिजली विभाग का बड़ी लापरवाही: चेतलाल रामदास

घटना की सूचना पाकर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता चेतलाल रामदास मृतकों के आश्रितों से मिले व सहयोग राशि देकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया और कहा कि यह घटना बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही का परिणाम है उन्होंने कहा कि बालूमाथ सब स्टेशन में बिजली विभाग द्वारा करोड़ों रुपए के लागत से एयर स्क्रिप्ट ब्रेकर लगाया गया है इसका काम है कि जब भी कहीं बिजली का तार सटे तो पूरे क्षेत्र का बिजलीं स्वतः कट जाता है। लेकिन गुरुवार की रात्रि कावरियों के साथ हुवे घटना में एयर स्क्रिप्ट ब्रेकर ट्रिप ही नहीं किया। जिससे सभी लोग बिजली करंट के चपेट मे आ गए आगे उन्होंने कहा कि घनी आबादी क्षेत्र में कवर कंडक्टर लगाया जाता है जबकि घटनास्थल पर घनी आबादी होने के बावजूद ओपन कंडक्टर लगाया गया था जिस कारण 11000 वोल्ट लोहे के बिजली खंभे में प्रभावित हो गया जिसकी चपेट में आने से कांवरियो की मौत हो गई। उन्होंने लातेहार एसडीओ राजदेव मेहता के उस बयान की भी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा कि यह बिजली विभाग की लापरवाही के कारण घटना नहीं घटा इसलिए किसी भी आश्रितों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा। एसडीओ के इस बयान से बालूमाथ के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।


परिजनों से बात करते चेतलाल रामदास।

## चंदवा में प्रबुद्धजनों ने घटना को लेकर गहरी शोक संवेदना प्रकट की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** गुरुवार की अहले सुबह बालूमाथ के टमटम टोला में हुए हृदय विदारक सड़क हादसे के बाद बिजली के करंट के चपेट में आने से पांच कावरियों के मौत व लगभग आधा दर्जन कावरियो के घायल होने की घटना को लेकर चंदवा में भी शोक की लहर देखी गयी। चंदवा में प्रबुद्धजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने घटना को लेकर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से मृतकों की आत्मा की शांति व घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है साथ ही इस दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवारों को धैर्य व सहनशक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है। बता दे की सभी कांवरिये बालूमाथ के हेमपुर मकैयाटांड से देवघर श्रावणी मिले में गए थे व बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक कर वापस लौट रहे थे, इसी क्रम में अहले सुबह वाहन चला रहे चालक को झपकी लग गयी व ट्रक बिजली के खंभे से जा टकराई व विद्युत का प्रवाह पूरे वाहन में हो गया जिसके चपेट में आने से 5 कांवरियों की मौत व लगभग आधा दर्जन कांवरिये घायल हो गए। घटना को लेकर शोक व्यक्त करने वालों में जिप सदस्य प्रतिमा देवी, सरोज देवी, प्रखण्ड प्रमुख मनीषा उरांव, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, भजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, महेंद्र साहू, राजकुमार पाठक, राजेन्द्र यादव, दीपक निषाद, आशीष सिंह, राजू उरांव, मनोज पाठक, राजद के रामप्रवेश यादव, कांग्रेस नेता रामयश पाठक, असगर खान, निर्मल भारती, झामुमो के सितमोहन मुंडा, सुरेश गंझू, मनोज चौधरी, रंजीत उरांव, ब्रह्मदेव प्रजापति, समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव, हरिनंदन दुबे, राजकुमार साहू, अयूब खान, रवि डे, सत्येंद्र यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरु मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, रंजीता एक्का, विफई मुंडा समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।


बालूमाथ निवासी सनेश यादव के घायल होने की सुचना मिलने पर देवकमल अस्पताल पंहुचे मंत्री बैद्यनाथ राम ने हाल चाल लिया और परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया।

## स्पीड न्यूज

### सांप काटने से छात्रा की मौत

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के रहिया ग्राम में गुरुवार की अहले सुबह सांप काटने से अनिता कुमारी 15 वर्ष पिता सुरेश भुईया ग्राम रहिया थाना बारियातू की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अनिता कुमारी बुधवार की रात्रि खाना खाकर अपने घर में जमीन पर सो गई थी। मध्य रात्रि उसके सर पर एक विषैला सांप चढ़ गया जिसे अनिता कुमारी ने नींद में रहने के कारण हाथ से पकड़ कर फेंक दिया इसी बीच उसे सांप ने काट लिया लेकिन अनिता कुमारी को साँप काटने का पता नहीं चल पाया और जब सुबह उसकी स्थिति बिगड़ने लगे तो वह परिजनो को आप बीती बताई तब उसे अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। जहां रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर किया गया शिविर का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में सखी मंडल के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े उद्योग लगाने के लिए 35 प्रतिशत अनुदान में मशीनें उपलब्ध कराया जाएगा और रोजगार से जोड़ा जायेगा। सुक्ष्म, लघु एवं कुटीर उद्योग विभाग डीआरपी अनु कुमारी के द्वारा उपस्थित सखी मंडल के सदस्यों को प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। मौके पर सामुदायिक समन्वयक उत्तम कुमार, सखी मंडल के सदस्य इंदू देवी, लाजवंती देवी खुशबू देवी,सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थे।

### दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में चार घायल, तीन रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बिदिर ग्राम के पास दो मोटरसाइकिल सवार की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आनंद सिंह 25 वर्ष पिता गंगा सिंह ग्राम तासु हेरहंज अपने घर से बालूमाथ की ओर आ रहा था। वहीं मो० दानिश 30 वर्ष पिता मो .सेराज, तबस्सुम परवीन 26वर्ष पति मो० दानिश (दोनों पति पत्नी)ग्राम बड़कागांव जिला हजारीबाग निवासी एवं मो० दानिश के ससुर गुलजार मियां 60 वर्ष पिता रफीक मियां ग्राम चिरू हेरहंज सभी बड़कागांव से सतबरवा पलामू इलाज कराने मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान बिदिर ग्राम के समीप दोनों मोटरसाइकिल सवारो में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें सभी घायल हो गए। घटना के बाद हेरहंज पुलिस के मदद से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मो० दानिश,मो .गुलजार एवं आनंद सिंह की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेते सेविका।

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। बतौर प्रशिक्षक एमटीएस कृष्णकांत ने आगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण देते बताया कि फाइलेरिया जिसे हाथीपाव के नाम से भी जाना जाता है। यह मच्छर के काटने से फैलता है। इस बीमारी की बड़ी समस्या है कि इसकी पहचान होने में पांच से 10 साल बीत जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि फाइलेरिया को क्षेत्र से मुक्त करने के लिए लंबाई के अनुसार खुराक दें। यह भी बताया कि गर्भवती महिलाओं, असाध्य रोग से पीड़ित लोगों और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं देनी है। दवा की अधिक खुराक देखकर घबराना नहीं है। इस बात का ध्यान रखें कि फाइलेरिया रोधी दवा अपने सामने ही खिलानी है। एमपीडब्ल्यू सीताराम ने आगामी 10 से लेकर 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। यह भी बताया कि दवा के सेवन से कभी-कभी सिर दर्द, शरीर में दर्द, बुखार, उल्टी या खुजली जैसी मामूली प्रक्रिया होती है। इससे घबराने की बजाय और सतर्क रहने की जरूरत है। मौके पर पद्मावती देवी, विद्या रानी, सुषमा वैद्य, अंजु देवी, देवन्ती देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का शिष्टमंडल विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड के सीएम से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते संघ के लोग।

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा के सभागार में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का शिष्टमंडल विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सर्वप्रथम झारखंड सरकार के द्वारा शिक्षकों कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन चाइल्ड केयर लीव स्वास्थ्य बीमा लागू करने पर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। शिष्टमंडल ने शिक्षकों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। अन्य राज्य सरकारों के भांति झारखंड के शिक्षकों को भी बायोमेट्रिक उपस्थिति से मुक्त किया जाये। केंद्रीय कर्मचारियों के समान झारखंड के शिक्षकों को भी यात्रा भता एवं शिशु शिक्षण भत्ता दी जाए। अन्य राज्य कर्मियों की तरह शिक्षकों को भी I एमएसीपी का लाभ दी जाए। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में पूर्व की भांति शिक्षकों को भी शामिल किया जाए। एनसीटीई के प्रावधानों के अनुरूप शिक्षकों को प्रोन्नति दी जाए। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। झारखंड के सरकारी विद्यालयों में एनजीओ के बढ़ते हस्तक्षेप को रोका जाए समेत कई मांगे शामिल है। वहीं शिष्टमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, जिला अध्यक्ष पलामू मनोज मेहता, जिला अध्यक्ष लातेहार हीरा प्रसाद यादव, पलामू जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार, जिला अध्यक्ष सरायकेला कौशिक गांगुली, अशोक कुमार साहू, विकास मुंडा सहित कई लोग शामिल थे।

## भाजपा विधायकों की निलंबन के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने सीएम का फुंका पुतला

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

**लातेहार।** भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की नेतृत्व में जिला मुख्यालय में झारखंड सरकार की गलत नीतियों और भाजपा विधायकों की निलंबन के खिलाफ गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। इससे पहले थाना चौक से एक जुलूस निकाली गई जो समाहरणालय गेट तक पहुंची। जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार लोकतंत्र विरोधी है। इन्होंने विपक्ष की नेताओं को बंधक बनाकर रखा है। इस लोकतांत्रिक सरकार को झारखंड की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार सत्ता के मद में चूर है। सरकार को प्रदेश के विकास से कोई मतलब नहीं है। सरकार के सभी मंत्री व विधायक सब अपनी अपनी जेब भरने में लगे हैं। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री बंसी यादव, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, लातेहार विधानसभा प्रभारी रामदेव सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगल उरांव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी, जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, बलवंत सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद जी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्वनी सिंह, लातेहार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, अवधेश चंद्रवंशी, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्णा पासवान, एससी मोर्चा जिला महामंत्री पिंटू रजक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज, पंचायत समिति सदस्य उषा देवी, राकेश प्रसाद, उत्तम कुमार, जमादार सिंह, सोनू सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खलारी झारखण्ड पार्टी के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी से मुलाकात किया



**खलारी।** झारखंड पार्टी खलारी के कार्यकर्ताओं ने खलारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाये रखने की सराहना किया। इस दौरान झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय महासचिव एससी मोर्चा के अनिल पासवान,खलारी महिला प्रखंड अध्यक्ष नगीना देवी और समाज सेवी अमरदीप कौशल ने प्रभारी को इंडियन कांस्टीट्यूशन की पुस्तिका भेट किया। इस मौके पर अनिल कुमार पासवान ने कहा कि भारतीय संविधान देश की रीढ़ है और इसे पढ़ना और समझना हर नागरिक का कर्तव्य है। वही नगीना देवी ने कहा कि खलारी प्रखंड में महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की सक्रियता काबिले तारीफ है। अमरदीप कौशल ने सामुदायिक सेवा और पुलिस के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया और भविष्य में भी इसी तरह के प्रयास जारी रखने की बात कही।

## एक नजर में

### जेएसएलपीएस कर्मियों ने विधायक के नेतृत्व में मंत्री इरफान अंसारी को सौंपा मांगपत्र


मंत्री को मांगपत्र सौपते कर्मी।

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मी संघ के सदस्यों ने बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह एवं बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला के नेतृत्व में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उनके रांची स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए राज्य के सभी जेएसएलपीएस के जोहार, एनआरईटीपी और एमकेएसपी परियोजना के लगभग 400 कर्मी जिनकी कार्य अवधि 30 जून 2024 को समाप्त हो चुकी है। उसको एनआरएलएम परियोजना में समायोजित करने की मांग की। जहां मंत्री इरफान अंसारी और विधायक महोदय ने सभी झारखंड राज्य आजीविका कर्मी संघ के सदस्यों को जल्द से जल्द गवर्निंग बॉडी (जीबी मीटिंग) कर एनआरएलएम में समायोजन करने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान कर्मियों ने मंत्री इरफान अंसारी को एक मांगपत्र भी सौंपने का काम किया। मौके पर मुख्य रूप से जेएसएलपीएस के प्रमोद कुमार सोनी, भाष्कर महापात्र, सुनील वैराग्य, अर्जुन मुंडा, पप्पू टोप्पो, शेखर लाल, शाहिद अंसारी, आशीष गुप्ता, संतोष कुमार, हेमंत कुमार और बलवीर आदि कई कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी के निर्देश पर अंचलाधिकारी में चंदवा में चलाया भारी वाहनों का जांच अभियान


जांच करते अधिकारी।

**चंदवा।** बीते दिनों खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन व परिवहन पर रोकथाम को लेकर जिले के उपायुक्त के द्वारा विशेष अभियान चलाने को लेकर जारी निर्देश के आलोक में बुधवार की देर शाम चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा के देवनद नदी के किनारे विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रांची-मेदिनीनगर व चतरा रांची की ओर आवागमन करने वाली सभी माइनिंग गाड़ियों (कोयला,पत्थर,बालू) को रोक कर उसके कागजात की जांच की गई। कागजात सही पाए जाने वाली गाड़ियों को तत्काल छोड़ दिया जा रहा था। इसी दौरान एक कोयला लदी ट्रक को टाइम फेल होने के कारण पकड़ा गया है, इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी को दे दी गई, जिसके बाद विभाग अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी। लगभग 1 घंटे तक चले चेकिंग अभियान से खनिज ढोने वाली गाड़ियां जहां तहां सड़क के किनारे रुकी देखी गयी। इस अभियान में अंचलाधिकारी के अलावे चंदवा थाना के एएसआई नरेंद्र शर्मा व जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## डीसी ने की समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए), कल्याण विभाग की बैठक

# छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृति देने का दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) एवं कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृति योजना, साइकिल वितरण योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय, छात्रावास की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने एवं लगातार उनकी मॉनीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, बिरसा आवास समेत सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई एवं लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करवाने को लेकर आइटीडीए निदेशक को निर्देशित किया गया।

## लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश


बैठक करते डीसी व अन्य।

उपायुक्त के द्वारा आइटीडीए से संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई एवं सभी योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभूको को मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग एवं आईटीडीए से संचालित योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें, ताकि अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों का जीवन स्तर बेहतर हो सकें। इसके अलावे समीक्षा के क्रम में अंचलवार वनाधिकार पट्टा वितरण, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनुमंडल स्तर पर लंबित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसी के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करते हुए लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, संबंधित कार्यपालक अभियंता, कल्याण विभाग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

